■ श्रावण शुक्ल - 3 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 18 ■ अंक - 352 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » गुरुवार » 20-07-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com


# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित




5 नीतीश ने अपनी नाराजगी की अटकलों को खारिज किया

6 भाजपा का प्लान, एनडीए कितनी मजबूत होगी?

7 नये निर्देशक के साथ काम करना पसंद करती है रानी मुखर्जी



## फर्स्ट टेक

### नेक्स्ट की अभ्यास परीक्षा रद्द की गई

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) द्वारा 2019 बैच के अंतिम वर्ष के एमबीबीएस छात्रों के लिए नेशनल एग्जिट टेस्ट (नेक्स्ट) को स्थगित करने के बाद एम्स-दिल्ली ने 28 जुलाई को आयोजित नेक्स्ट अभ्यास परीक्षा बुधवार को रद्द कर दी। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने एक नोटिस में कहा है कि 'मॉक टेस्ट या अभ्यास परीक्षा के लिए उम्मीदवारों का पंजीकरण शुल्क वापस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एनएमसी ने 13 जुलाई को कहा था कि नेक्स्ट को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अगले निर्देश तक स्थगित कर दिया गया है। नेक्स्ट भारत में चिकित्सा की आधुनिक प्रणाली की 'प्रैक्टिस करने के लिए पंजीकरण कराने को लेकर मेडिकल स्नातक की पात्रता को प्रमाणित करने का आधार बनेगा और लाइसेंसधारी परीक्षा के रूप में काम करेगा।

### विवेक अग्निहोत्री ने की द कश्मीर फाइल्स अनरिपोर्टेड की घोषणा

**नई दिल्ली/भाषा।** फिल्मकार विवेक अग्निहोत्री ने अपनी नई परियोजना 'द कश्मीर फाइल्स अनरिपोर्टेड की बुधवार को घोषणा की। यह डिजिटल मंच ज़ी5 पर रिलीज़ की जाएगी। फिल्मकार ने 2022 में आई द कश्मीर फाइल्स का निर्देशन किया था। उन्होंने द कश्मीर फाइल्स अनरिपोर्टिड के बारे में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जानकारी दी और इसका आधिकारिक टीजर भी जारी किया। अग्निहोत्री ने कहा, नरसंहार से इनकार करने वाले, आतंकवाद का समर्थन करने वाले बहुत सारे लोगों और भारत के दुश्मनों ने कश्मीर फाइल्स पर सवाल उठाए। अब आपके लिए लेकर आए हैं कश्मीर में हिंदुओं के नरसंहार का घिनौना सच, जिस पर कोई शैतान ही सवाल उठा सकता है।

### दक्षिणी अल्जीरिया में बस हादसा : 34 लोगों की मौत, 12 घायल

अल्जीयर्स/एपी। दक्षिणी अल्जीरिया में बुधवार को एक बस और पिकअप ट्रक की टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग जाने से उनमें सवार 34 यात्रियों की मौत हो गई और 12 घायल हो गए। अल्जीरियाई नागरिक सुरक्षा सेवा (एसीपीएस) ने यह जानकारी दी। एसीपीएस ने एक बयान में बताया कि यह टक्कर सहारा रेगिस्तान के तमनरासेत प्रांत में स्थानीय समयानुसार तड़के चार बजे हुई, जिसकी वजह से दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई। बयान के मुताबिक, बस में सवार सभी यात्री आग की चपेट में आ गए। एसीपीएस के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है।

सूर्यास्त 20-07-2023 6:49 बजे | सूर्योदय 21-07-2023 6:02 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 67,097.44 (+302.30) | 19,833.15 (+83.90) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,178 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | 77,524 रु. प्रति किलो |

# बेंगलूरु से पांच संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

## भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने आतंकी वारदात को अंजाम देने के लिये आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा द्वारा कट्टरपंथी बनाए गये पांच व्यक्तियों को बेंगलूरु से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 मोबाइल फोन, पिस्तौल, कारतूस, आग्नेयास्त्र और विस्फोटकों में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल की एक बड़ी खेप बरामद की। बेंगलूरु के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदिग्धों के कब्जे से सात पिस्तौल, 45 कारतूस, वॉकी-टॉकी, कुछ खंजर तथा अन्य सामान सहित




भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ जब्त किये गये और उसके खिलाफ सख्त गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधान के तहत मामला दर्ज किया गया।

अधिकारी ने बताया कि संदिग्धों की पहचान सोहेल, उमर, जाहिद, मुदासिर और फैसल के रूप में हुई है। सूत्रों के मुताबिक, पांचों संदिग्धों को एक बड़ी साजिश की योजना बनाते समय शहर के सुल्तानपाल्या इलाके के कनकनगर में स्थित एक पूजा स्थल के पास से गिरफ्तार किया गया। दयानंद ने संवाददाताओं को बताया, केंद्रीय अपराध शाखा, असामाजिक ताकतों का भंडाफोड़ करने और उनके नापाक मंसूबों को नाकाम करने में सफल रही है। हेब्बाल



पुलिस थाना क्षेत्र के तहत एक स्थान पर छापा मार कर सभी संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया।

अधिकारी ने बताया कि संदिग्धों को टी. नजीर तथा जुनैद नाम के आतंकी सरगना द्वारा कट्टरपंथी बनाया गया था। नजीर, 2008 में बेंगलूरु में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले में आरोपी है, जबकि जुनैद विदेश में छिपा है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार संदिग्धों पर हत्या, डकैती, लाल चंदन की तस्करी और कई अन्य आरोप हैं। यह लोग नजीर के संपर्क में थे। पुलिस आयुक्त ने बताया कि नजीर का पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से संबंध है तथा उसके गिरोह के सदस्य बड़ी आंतकी साजिश को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

## पुणे में दो संदिग्ध आतंकवादी पकड़े गए

**पुणे (महाराष्ट्र)/भाषा।** पुणे पुलिस ने आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों में कथित संलिप्तता के कारण राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा वांछित दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक स्थानीय अदालत ने उन्हें 25 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने अदालत में कहा कि दोनों की पहचान मोहम्मद इमरान मोहम्मद यूनुस खान (23) और मोहम्मद यूनुस मोहम्मद याकूब साकी (24) के रूप में हुई है और वे मध्य प्रदेश के रतलाम के रहने वाले हैं तथा ग्राफिक डिजाइनर हैं। पुलिस ने पहले कहा था कि इन आरोपियों पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार, मंगलवार तड़के पुणे शहर के कोथरूड इलाके में पुलिस के गश्ती दल ने तीन संदिग्धों को एक मोटरसाइकिल चोरी करते पकड़ा, लेकिन जांच के दौरान उनमें से एक संदिग्ध फरार हो गया।



## सरकार सदन में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार : प्रह्लाद जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को कहा कि सरकार नियम के तहत हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

श्री जोशी ने सर्वदलीय बैठक के बाद आज यहाँ पत्रकारों से कहा कि विपक्ष की तरफ़ से महत्वपूर्ण सुझाव आए। सभी पार्टियाँ मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा की माँग की। उन्होंने कहा कि सरकार मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।उन्होंने कहा कि सरकार नियम के तहत हर मुद्दे पर चर्चा कराने के लिए तैयार है।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में 34 राजनीतिक दलों के 44 नेता शामिल हुए जिसने विपक्षी दलों अलावा सहयोगी दलों ने भी कई सुझाव दिए।

उल्लेखनीय है कि सर्वदलीय बैठक में सत्तारूढ़ दल से संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघालय, श्री जोशी, मुरलीधरन, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, जयराम रमेश, कांग्रेस से जयराम रमेश, प्रमोद तिवारी, अपना दल की अनुप्रिया पटेल, सपा के रामगोपाल यादव, एआईडीएमके थम्बी दुरई, आप के संजय सिंह, राज़द से एडी सिंह, आरएसपी से एन के प्रेमचन्द्रन, जदयू से राजीव रंजन सिंह और अन्य दलों के नेता शामिल हुए।

## रेल यात्रियों को 20 रुपए में मिलेगा, पूड़ी, सब्ज़ी अचार

**नई दिल्ली/वार्ता।** देश में चुनावी मौसम शुरू होते ही भारतीय रेलवे को गरीबों की याद आने लगी है और इसी क्रम में अब जनरल डिब्बे में यात्रा करने वालों के लिए मात्र 20 रुपये में पूड़ी-सब्ज़ी उपलब्ध कराने का फैसला किया है। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने गरीब यात्रियों के लिए 20 रुपये में सात पूड़ियां (175 ग्राम), आलू की सब्ज़ी (150 ग्राम) और अचार (12 ग्राम) की इकॉनोमी मील शुरू की है। इसके अलावा 50 रुपये में स्नैक्स मील का मैन्यू भी शुरू किया गया है इस करीब 350 ग्राम के इस मील में चावल और छोले/राजमा, खिचड़ी, छोले एवं कुलचे/भटूरे, पावभाजी, मसाला डोसा शामिल है। आरंभ में यह सेवा 64 स्टेशनों पर शुरू की गई है। अभी 54 में सेवा शुरू हो चुकी है और बाकी में शुरू की जा रही है। इस में हर प्लेटफॉर्म पर आगे और पीछे जनरल कोच के सामने इस भोजन के स्टॉल लगाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि पहले जनरल कोच में यात्रा करने वाले लोगों के लिए 10 रुपये में पांच पूड़ी, आलू की सब्ज़ी और अचार मिला करता था।

### राजदूत



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में अंगोला गणराज्य के राजदूत क्लेमेंटे पेड्रो फ्रांसिस्को कैमेनहा से परिचय पत्र स्वीकार किया।

## सीतलवाड़ को मिली नियमित जमानत

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के मामलों में निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए कथित तौर पर सबूत गढ़ने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड को बुधवार को नियमित जमानत दे दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने नियमित जमानत के लिए सीतलवाड़ की याचिका खारिज करने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि सीतलवाड़ के खिलाफ मामले में आरोपपत्र दायर कर दिया गया है और उनसे हिरासत में पूछताछ की जरूरत नहीं है।

## अफ्रीकी संघ को आगामी दिल्ली जी-20 सम्मेलन में पूर्ण सदस्यता दी जाय : मोदी

**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 के सभी सदस्य देशों को एक पत्र लिखकर अफ्रीकी संघ को दिल्ली में होने वाले आगामी जी-20 शिखर-सम्मेलन में संगठन में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किये जाने का प्रस्ताव किया है।

सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अफ्रीका की आवाज को बुलंद करने और हमारे साझा विश्व के भविष्य को आकार देने के लिए एक



साहसिक कदम उठाया है।

उन्होंने जी20 समकक्षों को यह प्रस्ताव करने के लिए लिखा है कि अफ्रीकी संघ को जी20 के आगामी दिल्ली शिखर सम्मेलन में पूर्ण सदस्यता दी जाए, जैसा कि उनके अनुरोध पर किया गया है। प्रधानमंत्री ने इस मामले में सामने से नेतृत्व किया है, जिसकी वे पुरजोर वकालत और समर्थन करते हैं।

यह एक न्यायोचित, निष्पक्ष, अधिक समावेशी और प्रतिनिधि वैश्विक वास्तुकला और शासन की दिशा में एक सही कदम होगा।

प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय मंचों, विशेष रूप से अफ्रीकी देशों की वैश्विक दक्षिण देशों की एक बड़ी आवाज होने में दृढ़ विश्वास रखते हैं।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती के दौर मे

## भारत कई कदम उठाकर आगे निकला : विश्व बैंक अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने बुधवार को कहा कि भारत वैश्विक सुस्ती के दौर में कई ऐसे कदम उठा रहा है जो उसे आगे रखने में मदद कर रहे हैं। विश्व बैंक के शीर्ष पद पर पहुंचने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति बंगा ने यहां संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि भारत कोविड महामारी के समय पैदा हुई चुनौतियों से मजबूत बनकर उभरा है, लेकिन उसे यह रफ्तार आगे भी कायम रखने की जरूरत है।

बंगा ने कहा, भारत वैश्विक स्तर पर कायम सुस्ती के बीच काफी कुछ ऐसा कर रहा है जो उसे आगे रखने में मदद कर रहे हैं। भारत के पक्ष में एक खास बात यह है कि इसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में बड़ा हिस्सा घरेलू स्तर का है। भारत महामारी के दौर की चुनौतियों से मजबूत बनकर उभरा है लेकिन उसे यह रफ्तार बनाए रखने की जरूरत है।

### अगली महामारी के लिए तैयार रहने की जरूरत : अजय बंगा



**नई दिल्ली/भाषा।** कोविड-19 महामारी के दौरान विद्यालयों के बंद रहने के कारण पढ़ाई-लिखाई का बहुत अधिक नुकसान हुआ है। यह बात विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने बुधवार को कही और अगली महामारी के आने से पहले ही एक प्रणाली तैयार करने की जरूरत को रेखांकित किया ताकि ऐसी स्थिति को उत्पन्न होने से रोका जा सके। 'पीटीआई-भाषा द्वारा किए गए एक सवाल के जवाब में बंगा ने कहा, महामारी के दौरान विद्यालय जाने वाली पीढ़ी को लेकर हमारे पास वास्तविक चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा, जब हम कोविड-19 महामारी की चपेट में आए तो विकसित और विकासशील देश इससे निपटना सीख रहे थे। मेरा मत है कि हमें अब सबक लेना चाहिए। बहुत हद तक यह सुनिश्चित करना होगा कि हम अगली महामारी से पहले ही एक प्रणाली तैयार करना सीख लें...अन्यथा हम वही भूलें दोबारा करेंगे। यह तो तय है कि अगली महामारी आएगी जरूर।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### जरा सोचें

कितने धन का होता अपव्यय,
ईलेक्शन के इस रगड़े में।
कितनों का होता समय व्यर्थ,
भाषण प्रचार के लफड़े में।
कितना बढ़ता है वैमनस्य,
अगड़े पिछड़े या तगड़े में।
कितना सौहार्द खत्म होता,
दल-दंगल के इस झगड़े में।।

# ब्यूटी सैलून पर प्रतिबंध के खिलाफ अफगान महिलाएं सड़क पर उतरीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

काबुल, 19 जुलाई (एपी) तालिबान द्वारा देशभर में ब्यूटी सैलून बंद करने के आदेश के बाद दर्जनों अफगान महिलाओं ने बुधवार को प्रतिबंध का विरोध किया। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारी महिलाओं पर पानी की बौछार की, स्टन गन का इस्तेमाल किया और हवा में गोलियां चलाईं।

तालिबान ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि वे अफगानिस्तान में सभी सैलून को अपना व्यवसाय और दुकानें बंद करने के लिए एक महीने का समय दे रहे हैं। इस आदेश के महिला उद्यमियों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर अंतरराष्ट्रीय अधिकारियों ने चिंता जताई है।

तालिबान का कहना है कि वे सैलून को गैरकानूनी घोषित कर रहे हैं क्योंकि वे कथित तौर पर इस्लाम द्वारा निषिद्ध सेवाएं प्रदान करते हैं और शादी के उत्सव के दौरान दूल्हे के परिवारों के लिए आर्थिक कठिनाई पैदा करते हैं।

यह आदेश तालिबान नेता हिबतुल्लाह अखुंदज़ादा की ओर से आया। यह अफगान महिलाओं और लड़कियों को शिक्षा, सार्वजनिक स्थानों और अधिकांश प्रकार के रोजगार से प्रतिबंधित करने वाले आदेशों के बाद उनके अधिकारों और स्वतंत्रता पर नवीनतम अंकुश है।

तालिबान के आदेशों के सार्वजनिक विरोध के एक दुर्लभ संकेत में, दर्जनों ब्यूटीशियन और मेकअप कलाकार प्रतिबंध का विरोध करने के लिए राजधानी काबुल में एकत्र हुए।

खुद को फरजाना बताने वाली एक प्रदर्शनकारी ने कहा, हम यहां न्याय के लिए हैं। हम काम, भोजन और आजादी चाहते हैं।

तालिबान ने प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछार छोड़ी और उन्हें तितर-बितर करने के लिए अपनी राइफलों से हवा में गोलियां चलाईं। फरजाना ने बाद में कहा कि महिलाएं अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र मिशन में जा रही थीं। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से एकजुट रहने का आग्रह किया।

एक अन्य महिला ने अपना नाम न जाहिर करने की मंशा व्यक्त करते हुए कहा, हमारे प्रदर्शन का उद्देश्य यह था कि वे (तालिबान) ब्यूटी सैलून बंद करने के फैसले पर पुनर्विचार करें और उसे पलटें क्योंकि यह हमारे जीवन के बारे में है। हम 50 से 60 महिलाओं ने इसमें भाग लिया। हमारा नारा था काम, रोटी और आजादी।





# अध्यात्म जगत की प्राथमिकता है सरलता : साध्वी तत्वत्रयाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के महालक्ष्मी लेआउट स्थित चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री तत्वत्रयाश्रीजी ने कहा कि अहंकार और क्रोध से मस्तिष्क हमेशा विकृत होता है। इसलिए जब भी क्रोध आए, कुछ देर के लिए मौन हो जाएं। अहंकार, क्रोध हमारे सबसे बड़े शत्रु हैं। इनसे हमारे शरीर में अनेक प्रकार के रोगों का जन्म होता है। इन्हें बाहर निकाल देना चाहिए और अपने भीतर क्षमा, दया, सरलता का दीपक जलाना चाहिए। आप सरल बने। जब तक आप सरल नहीं होंगे, तब तक आपके रिश्ते भी अच्छे नहीं होंगे। आदमी को कुछ स्थानों पर तो अपनी सरलता को साथ रखना चाहिए। धर्म स्थान में आदमी को सरल बना रहना चाहिए। यह अध्यात्म जगत की प्राथमिकता है। माता-पिता के सामने हमें सरलता से पेश आना चाहिए। जीवन संगिनी व जीवन पार्टनर के साथ सरलता से पेश आना चाहिए नहीं तो रिश्ते में दरार आ जाएगी।

साध्वीवर्या ने कहा कि सांप भी अपने बिल में प्रवेश करता है तो सीधा हो जाता है। सीधा होना भी सरलता का प्रतीक है। आम आदमी धर्म स्थानों की आड़ लेकर क्या-क्या कार्य करने लगा है एक कहावत है कि यदि राजा सार्वजनिक बाग से एक सेब तोड़ेगा तो जनता पेड़ की जड़ें निकाल ले जाएगी। इसलिए जिम्मेवार व्यक्तियों की बहुत बड़ी जिम्मेवारी बनती है कि जिस भी संस्था के आयोजक-संयोजक हैं, उस संस्था को सरलता से चलाना चाहिए।

तभी वह संस्था कामयाब होगी। जिस व्यक्ति के पास क्षमा के बाद, मान कषाय की बहुलता होती हैं उसे जीतने के लिए मार्दव धर्म को अंगीकार करना अनिवार्य होता हैं ,जिससे मनुष्य में अभिमान, घमंड न रहे। इसके बाद जीवन में सरलता होना आवश्यक हैं।



# ‘जीवन को चार्ज करने के लिए धर्म श्रवण जरूरी’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के मागड़ी रोड स्थित सुमतिनाथ जैन श्वेतांबर संघ में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री प्रीतिसुधाश्रीजी की निश्रा में साध्वी प्रियश्रेयांजनाश्रीजी ने कहा कि जब तक जिनवाणी नहीं सुनी तब तक अंधकार है। जिनवाणी श्रवण से जीवन में ज्वाला नहीं, पर ज्योति प्रकट होती है।

जिनवाणी श्रवण से अंधकार आ नहीं सकता, जिस तरह ट्रैफिक सिग्नल आते जाते है और गाड़ी को एक्सीडेंट से बचाता है, वैसे ही धर्म भी ट्रैफिक सिग्नल जैसा है हम को गलत मार्ग पर जाने पर रोकता है। जीवन को चार्ज करने के लिए धर्म श्रवण जरूरी है। जैसे पाइप लीकेज हो तो वेल्डिंग किया जाता है, वैसे ही जिनवाणी श्रवण हमारे जीवन के लीकेज के लिए वेल्डिंग का काम करती है। पाप के कार्य करने के प्रसंग पर धर्म श्रवण किए हुए व्यक्ति के चेहरे के भाव बदल जाते हैं। धर्म श्रवण पाप भीरु बनाता है।

साध्वीश्री ने कहा कि जिनवाणी श्रवण करने वाले 3 प्रकार के व्यक्ति होते है। सोता यानी जो प्रवचन के समय निद्रा लेते हुए आधा अधूरा प्रवचन सुनते हैं। श्रोता यानी जो जिनवाणी सुनकर अपने जीवन में उतारते है।

सरोता यानी सरोता की तरह सुनकर गलतियां निकालने वाले होते है। जो श्रोता होते हैं उन्हे धर्म श्रवण से हेय यानी छोड़ने योग्य, ज्ञेय यानी जानने योग्य और उपादेय यानी स्वीकार करने योग्य की जानकारी मिलती है। जिनवाणी श्रवण सिर्फ इन आउट नहीं पर हृदयस्थ करना है जिनवाणी श्रवण से हमारा जीवन डर्टीफूल नहीं, पर ब्यूटीफुल बनता है।

# भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज का पुरस्कार भी जोड़ा गया : अनुराग ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली/भाषा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के पुरस्कारों में एक नयी श्रेणी जोड़े जाने की घोषणा की है जिसे कार्यक्रम के ''कलात्मक गुण, कहानी कहने की उत्कृष्ट शैली, तकनीकी कौशल और संपूर्ण प्रभाव'' के प्रदर्शन के लिए दिया जाएगा। ठाकुर ने मंगलवार शाम को ट्विटर पर कहा कि ‘सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज पुरस्कार’ ओटीटी (ओवर दी टॉप) मंच पर एक मूल वेब सीरीज, मूल रूप से फिल्माई गई और भारतीय भाषाओं में उपलब्ध वेब सीरीज को दिया जाएगा।



उन्होंने कहा, ''अपनी कलात्मक योग्यता, कहानी कहने की उत्कृष्ट शैली, तकनीकी कौशल और समग्र प्रभाव के लिए एक असाधारण वेब सीरीज को इफ्फी गोवा में सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज पुरस्कार दिए जाने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।'' केंद्रीय मंत्री ने ट्वीट किया, ''भारत असाधारण प्रतिभा से भरा हुआ है। मैं आपको एक उभरते और महत्वाकांक्षी नए भारत की कहानी बताने के लिए प्रोत्साहित करता हूं - जो अरबों सपनों और अरबों अनकही कहानियों के साथ दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार है।''

ठाकुर ने यह भी कहा कि पुरस्कार का उद्देश्य ''भारत के ओटीटी क्षेत्र में निवेश के अवसरों को प्रोत्साहित करना और बनाना, भारतीय भाषाओं में सामग्री को प्रोत्साहित करना, असाधारण प्रतिभा को पहचानना और ओटीटी उद्योग के विकास और नवाचार को बढ़ावा देना'' है। सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज पुरस्कार को इस साल 20 नवंबर से 28 नवंबर तक गोवा में आयोजित होने वाले इफ्फी के 54वें संस्करण में शामिल किया जाएगा।

## श्री महाकालेश्वर सवारी के दौरान अभद्रता के आरोपी के घर बुलडोजर कार्रवाई

उज्जैन। मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर भगवान की श्रावण मास में सवारी के दौरान अभद्रता करने के आरोपी के घर आज पुलिस प्रशासन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने पहुंचा।

कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस प्रशासन के दस्ते ने आरोपी के घर के अतिक्रमण को बुलडोजर से ढहाया। इसके पहले मकान तोड़ने की कार्रवाई के दौरान नगर निगम का अमला ढोल धमाकों के साथ आरोपियों के घर पुलिस बल और जेसीबी के साथ पहुंचा, जहां उन्होंने मकान के अवैध हिस्से को गिराने की कार्रवाई की।

## उद्घाटन



टर्टल वैक्स ग्लोबल के मुख्य परिचालन अधिकारी लॉरी किंग, टर्टल वैक्स इंडिया के प्रबंध निदेशक साजन मुरली पुरवंगारा के साथ बुधवार को हैदराबाद में टर्टल वैक्स कार केयर स्टूडियो के उद्घाटन के अवसर पर्।

## पूजा



सूरत में बुधवार को श्रावण मास के अवसर पर महिलाएं पुरुषोत्तम भगवान की पूजा करती हुईं।

# सहारा रिफंड के लिए शाह ने लिए महत्वपूर्ण निर्णय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सी आर सी एस सहारा रिफंड पोर्टल पर गांव और दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों की आवेदन भरने में सुविधा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।



सहारा ग्रुप की सहकारी समितियों के प्रमाणिक जमाकर्ताओं को सी आर सी एस सहारा रिफंड पोर्टल पर दावे प्रस्तुत करने में कॉमन सर्विस सेंटर भी सहायता करेंगे। श्री शाह ने 18 जुलाई,को नई दिल्ली में सहकारी समितियों के केंद्रीय पंजीयक सहारा रिफंड पोर्टल का शुभारंभ किया था।

देश भर में फैले हुए 5.5 लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा 300 से अधिक ई-सर्विसेज उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन कॉमन सर्विस सेंटर में इंटरनेट कनेक्टिविटी, कम्प्यूटर, प्रिंटर और स्कैनर जैसी सभी सुविधाएं मौजूद हैं। प्रमाणिक जमाकर्ताओं द्वारा सहारा रिफंड पोर्टल पर अपने दावे प्रस्तुत करने के लिए आवेदन भरने हेतु निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर से सहायता ली जा सकती है।

कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से प्रमाणिक जमाकर्ताओं को दावे प्रस्तुत करने में सुविधा हो, इसके लिए अपने सिस्टम को सक्षम बनाया है।

सहारा रिफंड पोर्टल को सहारा समूह की चार सहकारी समितियों - सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसाइटी लिमिटेड, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के प्रामाणिक जमाकर्ताओं द्वारा दावे प्रस्तुत करने के लिए विकसित किया गया है। जमाकर्ताओं द्वारा लिंक के माध्यम से भी सीआरसीएससहारा रिफंड पोर्टल पर अपने दावे प्रस्तुत किए जा सकते हैं।



# जम्मू कश्मीर के कठुआ में भारी बारिश के कारण कई मकान क्षतिग्रस्त, पांच की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जम्मू/भाषा। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में बुधवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन और कई मकानों के क्षतिग्रस्त हो जाने से तीन बच्चों समेत कुल पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

कठुआ के उपायुक्त राकेश मिन्हास ने मृतकों के परिजनों को तत्काल 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि देने का आदेश दिया है।

मिन्हास ने पीटीआई-भाषा को बताया, बारिश संबंधित घटनाओं में पांच लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि तीन अन्य लोग अभी भी बानी तहसील में ढहे मकान के मलबे में फंसे हुए हैं।’

उपायुक्त ने कहा कि मारे गए लोगों के परिजनों के लिए 50,000 रुपए और घायलों के लिए 25,000 रुपए की तत्काल राहत मंजूर की गई है। उन्होंने कहा कि सुरजन में गिरे मकान के मलबे में फंसे तीन लोगों का पता लगाने के लिए बचाव अभियान जारी है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गांव में दो और घर ढह गए, जिसमें पांच लोग फंसे हैं। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने शाहबाज अहमद (14) और नजीर तबस्सुम (10) के शव बरामद कर लिए है, जबकि तीन अन्य अभी भी लापता हैं और उन्हें मलबे से निकालने के लिए अभियान जारी है।

अधिकारी ने बताया कि सिट्टी गांव में 13 वर्षीय एक किशोर अपने घर के पास हुए भूस्खलन की चपेट में आ गया।

# ब्रिटेन में चार अरब पाउंड के निवेश से ईवी बैटरी कारखाना लगाएगा टाटा समूह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/ लंदन/भाषा। टाटा समूह ने बुधवार को जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) के साथ-साथ अन्य वाहन कंपनियों के लिए बैटरी बनाने के लिए चार अरब पाउंड (42,500 करोड़ रुपए) के निवेश से कारखाना लगाने की घोषणा की।

कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, टाटा संस ने इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी या गीगाफैक्टरी के लिए स्पेन की जगह दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड में समरसेट के ब्रिजवॉटर क्षेत्र को इस कारखाने के लिए चुना है।

ब्रिटेन की लक्जरी कार विनिर्माता जगुआर लैंड रोवर का स्वामित्व ‘टाटा मोटर्स के पास है।

बयान के अनुसार, 40 गीगावॉट घंटे की यह गीगाफैक्टरी यूरोप में सबसे बड़ी और भारत के बाहर टाटा का पहला कारखाना होगा। ऐसी अटकले हैं कि टाटा ने इसके लिए ब्रिटेन से 50 करोड़ पाउंड की सरकारी सहायता मांगी है, जिसमें समरसेट कारखाने के उच्च-ऊर्जा उपयोग के लिए सब्सिडी, वाहन बदलाव कोष से एकमुश्त अनुदान और साइट पर सड़क सुधार शामिल है।

ब्रिटेन सरकार ने कहा है कि टाटा संस को सरकारी सहायता का विवरण नियमित पारदर्शिता आंकड़ों के हिस्से के रूप में उचित समय पर जारी किया जाएगा।

ब्रिटेन में वर्तमान में निसान के संडरलैंड के कारखाने के पास में केवल एक संयंत्र परिचालन में है और नॉर्थम्बरलैंड में दूसरे संयंत्र पर सफलता न मिलने के बाद फिर से काम किया जा रहा है।

इसके विपरीत यूरोपीय संघ में 35 संयंत्र चालू, निर्माणाधीन या योजना के चरण में हैं।

टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा, टाटा समूह हमारे सभी व्यवसायों के स्थाई भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। आज मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि समूह ब्रिटेन में यूरोप की सबसे बड़ी बैटरी सेल विनिर्माण सुविधाओं में से एक को स्थापित करेगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इस घोषणा पर कहा, टाटा समूह का भारत के बाहर अपने पहले और यूरोप के सबसे बड़े संयंत्र की स्थापना का फैसला ब्रिटेन के प्रति भरोसे को दर्शाता है। यह ब्रिटेन के वाहन उद्योग में सबसे बड़े निवेश में से एक होगा। उन्होंने कहा, इससे न केवल देशभर में ब्रिटेन के लोगों के लिए हजारों नौकरियों का सृजन होगा, बल्कि इससे इलेक्ट्रिक वाहनों के वैश्विक बदलाव में हमारी बढ़त मजबूत होगी जिससे भविष्य के स्वच्छ उद्योगों में हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ने में मदद मिलेगी। ब्रिटेन सरकार ने एक अलग बयान में कहा कि इस निवेश से प्रत्यक्ष रूप से 4,000 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा अप्रत्यक्ष रूप से भी हजारों नौकरियां मिलेंगी।

## देश में 2030 तक सभी दोपहिया, तिपहिया वाहन इलेक्ट्रिक हों : अमिताभ कांत

पणजी/भाषा। भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने बुधवार को कहा कि देश को 2030 तक सभी दोपहिया और तिपहिया वाहनों इलेक्ट्रिक करने का लक्ष्य लेकर चलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि देश को 2030 तक 65 प्रतिशत सार्वजनिक परिवहन के साधनों को इलेक्ट्रिक वाहन बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए।

कांत ने कहा कि भारत को इलेक्ट्रिक वाहन के इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक स्पष्ट नीतिगत व्यवस्था की आवश्यकता है। उन्होंने पणजी में भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत ऊर्जा बदलाव से जुड़े कार्यसमूह की चौथी बैठक के दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों पर नीति आयोग की तरफ से अलग से आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। नीति आयोग के पूर्व सीईओ ने कहा कि देश में शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है, इसके साथ यह जरूरी है कि यह रहने लायक अच्छा हो। हमें सबसे पहले दोपहिया और तिपहिया वाहनों को बिजली से चलने वाला बनाना होगा। उन्होंने कहा, भारत की नीति ऐसी होनी चाहिए जिससे 2030 तक सभी दोपहिया और तिपहिया वाहन बिजलीचालित हों। इसके लिए जो भी जरूरी हो, कदम उठाए जाने चाहिए।

# आदिवासी युवक पर पेशाब करने के आरोप में छह गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

ओंगोल (आंध्र प्रदेश)/भाषा। आंध्र प्रदेश में प्रकाशम जिले के ओंगोल में एक लड़की के साथ प्रेम संबंध होने को लेकर एक आदिवासी युवक से हुए झगड़े के दौरान उस पर पेशाब करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित मोटा नवीन को 19 जून को मन्नम रामंजनेयुलु और आठ अन्य व्यक्तियों ने पीटा और उस पर पेशाब किया। इनमें से दो आरोपी किशोर हैं, जबकि रामंजनेयुलु फरार है।

प्रकाशम जिले की पुलिस अधीक्षक मल्लिका गर्ग ने ‘पीटीआई-भाषा से कहा, रामंजनेयुलु और नवीन दोस्त थे, लेकिन रामंजनेयुलु के एक मित्र की जानकार लड़की से नवीन के रिश्ते के कारण दोनों मित्रों में झगड़ा हो गया था।

गर्ग ने बताया कि नवीन के लड़की के साथ भागने के बाद उसके खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) संबंधी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था और उसे हिरासत में भी भेजा गया था। उन्होंने बताया कि इसके बावजूद नवीन और लड़की के बीच प्रेम संबंध बरकरार थे, जिसके कारण रामंजनेयुलु और उसके मित्र नाराज हो गए। उन्होंने बताया कि उनकी मित्रता में इतनी खटास पड़ गई कि उन्होंने एक-दूसरे से बात करना भी बंद कर दिया।

# अमेरिका के विध्वंसक को गोवा में भारतीय नौसेना के साथ सहयोगात्मक रूप से तैनात किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पणजी/भाषा। अमेरिका के आर्ले बर्क-क्लास गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक ‘यूएसएस स्टेथेम (डीडीजी63) को भारतीय नौसेना के साथ सहयोगात्मक रूप से तैनात (सीओडीईपी) किया गया। पोत हाल ही में गोवा पहुंचा था। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यहां जारी एक बयान में कहा गया है कि अमेरिकी नौसेना के विध्वंसक ने मंगलवार को भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस तरकश (एफ-50) के साथ काम किया। इस अभियान का मकसद युद्धाभ्यास और संचार अभ्यास के जरिए एक दूसरे के साथ मिलकर काम करने की क्षमता का निर्माण करना तथा संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना था।

मुंबई में अमेरिकी महावाणिज्यदूत माइक हैंकी ने कहा कि पोत की बंदरगाह यात्रा ने साझा मूल्यों और सिद्धांतों पर आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के निर्माण को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता की पुन:पुष्टि की है और ‘हमने हमारे दोनों देशों के बीच अपने रिश्तों को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की भूमिका और नेतृत्व को स्वीकार करता है। हैंकी ने यह भी कहा, भारत के साथ मिलकर काम करने से हम क्षेत्र में नियम आधारित व्यवस्था और शांति एवं स्थिरता को आगे बढ़ा पाएंगे। ‘स्टेथेम के कमांडिग अधिकारी कमांडर जेम्स ‘नेट वाट्स ने कहा कि ‘स्टेथेम के नाविकों को क्षेत्र में अमेरिका के साझेदारों के साथ करीब से काम करने का मौका मिला तथा भारतीय नौसेना ने हमें बंदरगाह की सफल यात्रा के बाद अपने अपतटीय क्षेत्र में स्थिरता का निर्माण करने के लिए स्थितियों को समझने की इजाजत दी।

बयान में कहा गया है कि अमेरिका-भारत द्विपक्षीय अभियानों में डिवीजन रणनीति, एक पासिंग अभ्यास और ‘फॉर्मेशन सेलिंग शामिल है, जिससे दोनों नौसेनाओं को साझा समुद्री लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक साथ काम करने का अवसर मिलता है।


## अब तक तीन करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल

नई दिल्ली/भाषा। वित्त वर्ष 2022-23 में अर्जित आय के लिए अब तक तीन करोड़ से भी अधिक आयकर रिटर्न (आईटीआर) जमा किए जा चुके हैं और इनमें से करीब 91 प्रतिशत रिटर्न इलेक्ट्रॉनिक रूप से सत्यापित किए जा चुके हैं।

आयकर विभाग ने बुधवार को एक ट्वीट में यह जानकारी देते हुए कहा कि 18 जुलाई तक कुल 3.06 करोड़ आईटीआर जमा किए गए हैं। इनमें से 2.81 करोड़ रिटर्न का ई-सत्यापन किया जा चुका है जो कुल रिटर्न का 91 प्रतिशत से अधिक है।

इसके साथ ही आयकर विभाग ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक रूप से सत्यापित किए जा चुके रिटर्न में से 1.50 करोड़ से भी अधिक रिटर्न प्रसंस्कृत किए जा चुके हैं।

## चेक वितरित




झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बुधवार को गिरिडीह जिले के डुमरी क्षेत्र में चुनाव-2024 से पहले एक पार्टी स्तरीय बैठक के दौरान गरीब लोगों के बीच चेक वितरित करते हुए।



## कर्नाटक विधानसभा में हंगामा

# भाजपा के 10 सदस्य निलंबित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु में पिछले दो दिनों में हुई बैठक के लिए राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं के स्वागत के लिए राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा आईएएस अधिकारियों को तैनात करने पर भाजपा विधायकों ने सदन के वेल में विरोध प्रदर्शन किया। कर्नाटक विधानसभा में बुधवार को नाटकीय दृश्य देखने को मिला जब भाजपा विधायकों ने पारित विधेयकों की प्रतियां फाड़ दीं और उन्हें उपाध्यक्ष रुद्रप्पा लमानी की ओर फेंक दिया।

अध्यक्ष ने सदन में हंगामे के बाद यह कार्रवाई की। भाजपा के कुछ सदस्यों ने विधेयकों और एजेंडे की प्रतियां फाड़ दीं और उन्हें अध्यक्ष के आसन की ओर फेंक दिया क्योंकि वे दोपहर के भोजन के अवकाश के बिना सदन की कार्यवाही संचालित करने के खादर के फैसले से नाराज थे। पिछले दो दिन विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों के कथित 'दुरुपयोग'' के लिए कांग्रेस नीत सरकार के खिलाफ भाजपा के विरोध के बीच यह कार्रवाई हुई है।

अध्यक्ष ने कहा, 'मैं उनके (10 विधायकों) नाम उनके अशोभनीय और असम्मानजनक आचरण के कारण ले रहा हूं।' इसके बाद कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने कहा कि सदन उनकी पीड़ा पर कदम उठाएगा। पाटिल ने कहा, 'मैं यह प्रस्ताव पेश कर रहा हूं...मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कर्नाटक विधानसभा नियमावली की धारा 348 के तहत इन सदस्यों को उनके अशोभनीय और अपमानजनक आचरण के लिए शेष सत्र तक विधानसभा से निलंबित करना चाहिए और सदन में प्रवेश करने से रोका जाना चाहिए।'

अध्यक्ष कादर ने कहा, 'बेहद पीड़ा के साथ मैं इस प्रस्ताव को वोटिंग के लिए रख रहा हूं।' ध्वनि मत के आधार पर 10 सदस्यों को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया।

घटना के बाद दस भाजपा विधायकों डॉ. सीएन अश्वथ नारायण, वी सुनील कुमार, आर अशोक, अरागा ज्ञानेंद्र, वेदव्यास कामथ, यशपाल सुवर्णा, अरविंद बेलाड, देवराज मुनिराज, उमानाथ कोट्यान और भरत शेट्टी को निलंबित कर दिया गया। बेंगलूरु में पिछले दो दिनों में हुई बैठक के लिए राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं के स्वागत के लिए राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा आईएएस अधिकारियों को तैनात करने पर भाजपा विधायकों ने सदन के वेल में विरोध प्रदर्शन किया। हंगामे के बीच सरकार ने विधानसभा में पांच विधेयक पारित किये।

विधेयकों के पारित होने के तुरंत बाद, अध्यक्ष यू टी खादर ने सदन को दोपहर के भोजन के लिए स्थगित किए बिना बजट पर चर्चा करने का फैसला किया और अपने उपाध्यक्ष लमानी को कार्यवाही का संचालन करने के लिए कहा। इससे बीजेपी विधायक भड़क गए और उन्होंने विरोध तेज कर दिया।

# विधानसभा में हंगामा, आसन की तरफ फेंके गए कागज़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक विधानसभा में बुधवार को जोरदार हंगामा हुआ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने आसन की तरफ कागज़ फेंके। वे भोजन अवकाश के बिना सदन की कार्यवाही संचालित करने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले से नाराज़ थे।

यह बीते दो दिन में बैठक के लिए कांग्रेस सरकार द्वारा आईएएस अधिकारियों के कथित रुप से 'दुरुपयोग' को लेकर भाजपा के विरोध के बीच हुआ।

अध्यक्ष यूटी खादर यह कहकर चले गए कि सदन में भोजन अवकाश नहीं होगा और बजट एवं मांगों पर चर्चा जारी रहेगी जिसके बाद उपाध्यक्ष रुद्राप्पा लमानी सदन की कार्यवाही का संचालन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो सदस्य भोजन करना चाहते हैं वे जा सकते हैं और फिर वापस आ जाएं। इस पर भाजपा ने कड़ी नाराज़गी जाहिर की।

यह तब हुआ जब भाजपा और जनता दल (एस) के सदस्य आसन के सामने आकर विरोध कर रहे थे और उन्होंने कांग्रेस सरकार पर अपने सहयोगी नेताओं के लिए 30 आईएएस अधिकारियों को तैनात करने का आरोप लगाया। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के वास्ते रणनीति बनाने के लिए बेंगलूरु में सोमवार और मंगलवार को विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक हुई थी।

विरोध के बीच और भोजन अवकाश के बिना सदन की कार्यवाही जारी रखने के अध्यक्ष के फैसले से खफा भाजपा सदस्य कुछ देर के लिए इकट्ठा हुए और फिर अचानक से आसन की तरफ कागज़ फेंकने लगे और उपाध्यक्ष ने कहा कि सदन की कार्यवाही इस तरह संचालित नहीं हो सकती। भाजपा सदस्यों ने पूछा कि किस नियम के तहत भोजन अवकाश को रद्द किया गया है।

भाजपा के सदस्यों ने मुख्यमंत्री सिद्दरामैया द्वारा सोमवार को यहां विपक्ष के नेताओं के लिए दिए गए रात्रि भोज में विधानसभा अध्यक्ष खादर के शामिल होने का मुद्दा भी बार-बार उठाया। कांग्रेस विधायकों ने भाजपा के सदस्यों के अनुचित व्यवहार पर आपत्ति जताई जिसके बाद हंगामा हुआ और फिर उपाध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दिन की शेष अवधि के लिए स्थगित कर दी।

इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं ने कहा कि वे अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विचार कर रहे हैं जबकि कांग्रेस विधायकों को अनुचित व्यवहार करने वाले भाजपा विधायकों को निलंबित करने की मांग करते सुना गया।

## आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी लहर के आगे कांग्रेस का सफाया हो जाएगा : कटील

मंगलूरु/दक्षिण भारत। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष और सांसद नलिन कुमार कटील ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2024 में प्रस्तावित लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लहर में कांग्रेस का सफाया हो जाएगा। यहां पुत्तुर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कटील ने कहा कि मौजूदा समय में कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर अकेले लड़ने की हैसियत नहीं है और इसलिए वह सत्ता पाने के लिए विभिन्न समूहों से गठबंधन कर रही है और नयी रणनीति बना रही है।



बुधवार को विधानसभा में प्रदर्शन के दौरान बीपी की समस्या को लेकर अचानक अस्वस्थ हुए विधायक बसवनगौड़ा पाटिल यतनाल को तुरन्त फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया। जहां उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर एवं मुख्यमंत्री सिद्दरामैया। भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएस येड्डीयुरप्पा ने भी पहुंचकर स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## भाजपा, जद(एस) ने संयुक्त रूप से कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल-एस (जद-एस) के विधायकों ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर के खिलाफ विधानसभा सचिव को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया। इस नोटिस पर पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और एच डी कुमारस्वामी सहित भाजपा और जद (एस) विधायकों ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए हैं। नोटिस में कहा गया है, चूंकि कर्नाटक विधानसभा के सभी सदस्यों द्वारा चुने गए अध्यक्ष ने सदन का विश्वास खो दिया है, इसलिए उन्हें पद से हटाने के लिए हम कर्नाटक विधानसभा के कामकाज संबंधी नियमावली के नियम 169 के अनुसार प्रस्ताव पेश करने का अवसर देने का अनुरोध करते हैं। विपक्षी दलों ने संयुक्त रूप से यह कदम ऐसे वक्त उठाया है जब विधानसभा में काफी हंगामेदार दृश्य देखने को मिल रहा है। सदन में भाजपा के कुछ सदस्यों ने विधेयकों और एजेंडे की प्रतियां फाड़ दीं और उन्हें आसन पर बैठे उपाध्यक्ष रुद्रप्पा लमानी की ओर फेंक दिये।

इसके बाद, विधानसभा अध्यक्ष खादर ने सदन में अशोभनीय और 'अपमानजनक आचरण' के लिए भाजपा के 10 विधायकों को विधानसभा के शेष सत्र से निलंबित कर दिया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा और जद (एस) के सदस्य अध्यक्ष के आसन के पास आकर प्रदर्शन कर रहे थे और कांग्रेस-नीत सरकार पर अपने गठबंधन के नेताओं की 'सेवा' के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 30 अधिकारियों को तैनात करने का आरोप लगा रहे थे। विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाने को लेकर बेंगलूरु में सोमवार और मंगलवार को बैठक की।



पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को पुलिस पकड़ कर पुलिस वाहन में ले जाते हुए।

## कर्नाटक विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करने पर भाजपा विधायकों को हिरासत में लिया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 10 विधायकों के निलंबन के विरोध में विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करने पर पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत पार्टी के विधायकों को हिरासत में लिया गया और विधान सौधा थाने ले जाया गया।

जनता दल (एस) के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी भी कुछ समय के लिए भाजपा के प्रदर्शन में शामिल हुए। बोम्मई ने विधायकों के निलंबन को 'अवैध' और लोकतंत्र की 'हत्या' करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सिद्दरामैया नीत सरकार ने 'तानाशाही' रवैया अपना लिया है और विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, हम इस मुद्दे को जनता तक ले जाएंगे।

कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यू टी कादर ने बुधवार को सदन में अशोभनीय और अपमानजनक ''आचरण'' के लिए भाजपा के 10 विधायकों को विधानसभा के शेष सत्र से निलंबित कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा के जिन 10 विधायकों को निलंबित किया है वे हैं-डॉ. सी एन अश्वथ नारायण, वी सुनील कुमार, आर अशोक, अरागा ज्ञानेंद्र (सभी पूर्व मंत्री), डी वेदव्यास कामथ, यशपाल सुवर्ण, धीरज मुनिराज, ए उमानाथ कोटियन, अरविंद बेलाड और वाई भरत शेट्टी। विधानसभा सत्र तीन जुलाई को शुरू हुआ और 21 जुलाई को समाप्त होने वाला है।

अध्यक्ष ने सदन में हंगामे के बाद यह कार्रवाई की। भाजपा के कुछ सदस्यों ने विधेयकों और एजेंडे की प्रतियां फाड़ दीं और उन्हें अध्यक्ष के आसन की ओर फेंक दिया क्योंकि वे दोपहर के भोजन के अवकाश के बिना सदन की कार्यवाही संचालित करने के खादर के फैसले से नाराज थे।

पिछले दो दिनों में आयोजित विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों के कथित 'दुरुपयोग'' के लिए कांग्रेस नीत सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा किए गए विरोध के बीच यह कार्रवाई हुई है।

## आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए बेंगलूरु पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु पुलिस ने आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए पांच लोगों को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने कहा कि जानकारी के आधार पर बेंगलूरु सिटी क्राइम ब्रांच एक आतंकी गतिविधि को रोकने में कामयाब रही। उन्होंने मीडिया कर्मियों को बताया कि हमने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से सात देशी पिस्तौल, 45 लाइव राउंड, वॉकी-टॉकी सेट, ड्रैगर और 12 मोबाइल सेट बरामद हुए हैं। आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि एक अन्य आरोपी भी इसमें शामिल है। जो फिलहाल विदेश में है। वह बेंगलूरु के आरटी नगर में एक हत्या के मामले में भी शामिल था। इनके बारे में केन्द्रीय गुप्तचर विभाग द्वारा आयुक्त को सूचना मिली है जिसके बल परआरटीनगर के सुलतान पाल्या के घर में मीटिंग के दौरान इनको पकड़ा है। गिरफ्तार सुहेल, उमर, जाहिद, मुद्दासिर और फेजल हैं। हेब्बाल और उसके आसपास रह रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह निषेधित उग्र संगठन लश्कर-ए-तौहिब्बा से जुड़े हैं।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि जब आरोपी जेल में थे तो वे 2008 के सीरियल ब्लास्ट मामले के मुख्य आरोपियों में से एक टी. नजीर के संपर्क में आए। पुलिस ने कहा, ऐसा लगता है कि नजीर ने इन लोगों को कट्टरपंथी बनाया।

उन्होंने कहा, 'वर्तमान में विदेश में मौजूद आरोपी ने इस मॉड्यूल को सक्रिय किया और आतंकी साजिश को अंजाम देने के लिए हथियारों और अन्य उपकरणों की आपूर्ति की।' आयुक्त ने कहा, एक बार विस्तृत पूछताछ हो जाने के बाद हम अधिक जानकारी साझा कर सकेंगे।

## जैन मुनि की हत्या की सीआईडी जांच की घोषणा की

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने बेलगावी जिले में जैन मुनि आचार्य श्री कामकुमार नंदी महाराज की निर्मम हत्या की जांच पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) से कराने की घोषणा की है। विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जैन समुदाय के एक वर्ग ने इस मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण



ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की थी। सिद्दरामैया ने बुधवार को विधानसभा में एक बयान में कहा, 'चूंकि, यह मामला संवेदनशील है इसलिए जनता के अनुरोध के बाद इस मामले की जांच सीआईडी को सौंपी जाएगी।' मुख्यमंत्री ने इस घटना और अब तक की जांच का विवरण भी साझा किया।

नंदी पर्वत आश्रम के जैन मुनि कामकुमार नंदी महाराज बेलगावी के चिक्कोडी तालुक के हिरेकोडी में एक मठ के प्रमुख थे।

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
निर्माण एवं अनुरक्षण समूह (सीएमजी)
इसरो मुख्यालय, अंतरिक्ष भवन, न्यू बी ई एल रोड, बेंगलूरु-560094
फोन : 080-22172476/2032/2033 फैक्स : 080-23513126

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित कार्यो के लिए नग दर ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम : | अंतरिक्ष भवन, इसरो मुख्यालय, बेंगलूरु में सीएमजी स्टोर रूम का वर्टीकल विस्तार कर ड्राइवरों के लिए जगह उपलब्ध कराना - सिविल और पीएच कार्य। |
| निविदा सूचना क्रमांक | सीएमजी/आईएसआरओ-एचक्यू/सी/एम/11 पी/2023-24 दिनांक 19.07.2023 |
| निविदा का अनुमानित मूल्य | रु. 24.05 लाख |
| पूरा करने की अवधि | चार (04) महीने |
| निविदा प्रलेख डाउनलोड करने की अवधि | 19.07.2023 को 18.10 बजे से 31.07.2023 को 23.59 बजे तक |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख और समय | 02.08.2023 को 14.30 बजे तक |
| निविदा खोलने की नियत तारीख और समय | 02.08.2023 को 16.00 बजे |
| अग्रदाय रकम जमा (ईएमडी) | रु. 48,100/- |

पात्रता मानदंड और अन्य ब्यौरे के लिए इच्छुक निविदाकार विस्तृत सूचना आमंत्रण निविदा (एनआईटी) देंखे जिसे वेबसाइट www.isro.gov.in/tender से डाउनलोड किया जा सकता है। बोली प्रपत्र औप अन्य ब्यौरे वेबसाइट www.isro.ewizard.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

ह/- समूह प्रमुख, सीएमजी, इसरो मुख्यालय

# कर्नाटक सरकार की गृह लक्ष्मी योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/बेंगलूरु। कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि कर्नाटक सरकार राज्य में गृह लक्ष्मी योजना के तहत 1.11 करोड़ महिला मुखियाओं के खाते में 2,000 रुपये प्रतिमाह देने की व्यवस्था कर रही है। कांग्रेस ने योजना का ऐलान कर्नाटक में विधानसभा चुनावों से पहले की थी। कांग्रेस मुख्यालय में कर्नाटक कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, 'आज हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि विधानसभा चुनाव से पहले हमने जो गारंटी देने का वादा किया था, उनमें से एक पूरी होगी, जो सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी को बहुत प्रिय है।' सुरजेवाला ने कहा कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार महिलाओं के लिए गृह लक्ष्मी की दुनिया की सबसे बड़ी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजना शुरू कर रही है। परिवार की महिला मुखियाओं के बैंक खातों में 1.35 लाख करोड़ रुपये डाले जाएंगे। योजना के लिए पंजीकरण बुधवार शाम 5 बजे से शुरू हो गया है। सुरजेवाला ने कहा कि ग्रामीण कर्नाटक में 7,000 बापूजी सेवा केंद्र और शहरी क्षेत्रों में कर्नाटक 1 या बेंगलूरु 1 पर पंजीकरण किया जाएगा। यदि कोई महिला केंद्र तक पहुंचने में असमर्थ है तो कार्यकर्ता उन्हें योजना में पंजीकरण कराने में मदद करेंगे। सुरजेवाला ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने कहा था कि वे मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ेंगे और गृह लक्ष्मी के तहत गारंटी का वादा किया था। उन्होंने बताया कि 15 से 20 अगस्त के बीच खाते में पैसा ट्रांसफर कर दिया जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ने गृह लक्ष्मी योजना के तहत राज्य की 1.11 करोड़ महिलाओं के लिए 18,000 करोड़ रुपये का बजट तैयार किया है। अगले साल लाभार्थियों की संख्या 1.3 करोड़ हो जाएगी और उसके लिए डीबीटी योजना के तहत 30,000 करोड़ रुपये रखे हैं। सुरजेवाला ने यह भी कहा कि राज्य में 1.28 करोड़ महिला मुखिया राशन कार्ड धारक हैं। कई और परिवार इस योजना के लिए पंजीकरण करा सकते हैं।

## 'इंडिया' के घटक दलों के सामने मतभेद सुलझाने के साथ ही सीटों के तालमेल की चुनौती

बेंगलूरु। देश के 26 विपक्षी दल भले ही इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के बैनर तले एकजुट होकर आगे बढ़ने पर सहमत हो गए हैं, लेकिन उनके लिए भविष्य में कई चुनौतियां भी खड़ी हैं जिनमें राज्य स्तर पर मतभेदों से निपटना और सीटों का तालमेल करना प्रमुख हैं। यही नहीं, चुनाव से पहले अगर वे इस गठबंधन के लिए नेता चुनने का फैसला करते हैं तो यह भी उनके लिए लोहे के चने चबाने जैसा होगा। विपक्षी दल ने बेंगलूरु में दो दिवसीय बैठकर जब 'इंडिया' नाम पर मुहर लगाई तो उन्होंने यह कहा कि वे संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट हुए हैं। सूत्रों का कहना है कि विपक्षी दल अपने मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से दूर करने पर सहमत हैं क्योंकि अगर वे अगले लोकसभा चुनाव में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में विफल रहते हैं तो उनमें से कई पार्टियों के सामने अप्रासंगिक होने का भी खतरा पैदा हो जाएगा।



## बीबीएमपी, आईआईएससी ड्रोन का उपयोग करके बेंगलूरु झीलों के आसपास कुत्तों का सर्वेक्षण करेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बृहद् बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने बुधवार को घोषणा की कि उसने ड्रोन का उपयोग करके शहर की झीलों के आसपास सड़क कुत्तों का सर्वेक्षण करने के लिए भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलूरु के साथ हाथ मिलाया है। आईआईएससी समर्थित गैर लाभकारी संगठन और रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी पार्क (आरटी पार्क) का स्टार्टअप वायडान सड़क पर रहने वाले कुत्तों की गिनती के लिए अपने ड्रोन का उपयोग करेगा।

बीबीएमपी ने जन्म नियंत्रण कार्यक्रम की सफलता, संख्या निर्धारित करने के लिए आवारा कुत्तों का सर्वेक्षण शुरू किया। बीबीएमपी अधिकारियों ने कहा कि कुत्तों के सर्वेक्षण के लिए ड्रोन का उपयोग संभवत: भारत में अपनी तरह का पहला मामला है।

हुलिमावु, सारक्की, सीगेहल्ली और येले मल्लप्पा शेट्टी झीलों को अवधारणा के प्रमाण के रूप में चुना गया है। ड्रोन कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करके कुत्तों की तस्वीरें खींचने में सक्षम हैं। इन ड्रोन सर्वेक्षणों के डेटा का आने वाले दिनों में विश्लेषण किया जाएगा और पारंपरिक जमीनी सर्वेक्षण टीम के माध्यम से एकत्र किए गए डेटा के साथ क्रॉस-सत्यापन किया जाएगा।

## बेंगलूरु आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बनता जा रहा है : बोम्मई

बेंगलूरु। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा है कि राजधानी बेंगलूरु आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बनती जा रही है। बुधवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बेंगलूरु में पिछले दो महीने से अपराध बढ़ रहा है। बेंगलूरु में कानून व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण से बाहर है। उन्होंने कहा कि हत्या और रंगदारी आम बात होती जा रही है। कई मामले तो थाने में दर्ज ही नहीं होते। पुलिस का काम कानून व्यवस्था बनाए रखना और अपराध पर नियंत्रण रखना है। यह सरकार आई है तो बिचौलिए इस पर नियंत्रण करने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार को इसकी इजाजत नहीं देनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, बेंगलूरु में क्लब की गतिविधियां बढ़ गई हैं, हफ्ता वसूली तीव्र होती जा रही है। यहीं से आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है।

अंतरराष्ट्रीय आईएसआई उसके संपर्क में है। सीसीबी अधिकारियों का कहना है कि इसकी गहराई और लंबाई बहुत बड़ी है।

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
(निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग)
इसरो टेलिमेट्रि ट्रैकिंग एवं कमांड नेटवर्क (इस्ट्रैक)
प्लांट नं. 12 एवं 13, तीसरा मेन, द्वितीय फेज, पीण्या औद्योगिक क्षेत्र, बेंगलूरु-58

संक्षिप्त ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, समूह प्रमुख, इस्ट्रैक, पीण्या, बेंगलूरु-58, (फोन : 28094541), समुचित वर्ग के ठेकेदरों से एनआईटी में निम्नलिखित कार्यो के लिए नग दर ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | इस्ट्रैक, बेंगलूरु, एससीसी परिसर, में एससीसी भवन के मिशन विश्लेषण कक्ष का नवीनीकरण (इलेक्ट्रिकल कार्य) |
| ई-निविदा सूचना क्र. | इस्ट्रैक/सीएमजी/ई/सीओएन/ई-टीएन-22 /2023-2024 दिनांक 18.07.2023 |
| निविदा का अनुमानित मूल्य | रु. 12.53 लाख |
| निविदा दस्तावेज विवरण | ई-निविदा |
| कार्यादेश जारी होने के 15 दिन बाद की तिथि से गिनी जाने वाली कार्य समापन अवधि | दो (02) महीने |
| निविदा प्रलेख डाउनलोड करने की अवधि | 19.07.2023 को 16.00 बजे से 31.07.2023 को 16.00 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण | 20.07.2023 को 11.00 बजे से 01.08.2023 को 16.00 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण के जवाब देने की अंतिम तारीख | 02.08.2023 को 16.00 तक |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख और समय | 03.08.2023 को 16.00 तक |
| निविदा खोलने की नियत तारीख और समय | 07.08.2023 को 11.00 बजे के बाद |
| ईएमडी | रु. 25,060.00 |

पात्रता मानदंड और अन्य ब्यौरे के लिए इच्छुक निविदाकार विस्तृत सूचना आमंत्रण निविदा (एनआईटी) देंखे जिसे वेबसाइट www.isro.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। बोली प्रपत्र औप अन्य ब्यौरे वेबसाइट www.tenderwizard.com/ISRO से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

ह/- समूह प्रमुख-सीएमजी

# एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। राजस्थान के जोधपुर जिले में बुधवार को अज्ञात लोगों ने एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर उनके शवों को आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों में छह महीने की बच्ची भी शामिल है। पुलिस इस मामले में मृतकों के एक रिश्तेदार को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना ओसियां इलाके के चौराई गांव की है जहां हमलावरों ने पहले परिवार के सदस्यों का गला काटा और फिर सुबह-सुबह उनके झोपड़े में आग लगा दी। ग्रामीणों ने झोपड़े में आग लगी देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। जोधपुर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) जयनारायण ने बताया कि मृत परिवार के एक रिश्तेदार को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

जयपुर में विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने शून्यकाल के दौरान सदन को बताया कि राज्य सरकार शाम पांच बजे घटना पर बयान देगी। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उमेश मिश्रा ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी-अपराध) दिनेश एमएन को जोधपुर के ओसियां में मौके पर जाकर मामले की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक (जोधपुर ग्रामीण) धर्मेंद्र सिंह यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान पूनाराम (55), उनकी पत्नी भंवरी (50), उनकी पुत्रवधु धापू (23) व उसकी छह महीने की बेटी मनीषा के रूप में हुई। यादव ने कहा कि मामले की जांच के लिए पुलिस दल गठित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि साक्ष्य जुटाने के लिए स्वान दस्ता (डॉग स्क्वाड) और एक फॉरेंसिक टीम को भी लगाया गया था।

यादव ने कहा, हमें हत्याओं के पुष्ट कारणों का अभी पता नहीं चला है, लेकिन यह निश्चित रूप से चोरी का मामला नहीं था। हमारा मानना है कि हत्यारे, हत्या करने के ही उद्देश्य से आए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि पूनाराम का बेटा मंगलवार रात खाना खाने के बाद पत्थर की खदान में काम के लिए निकल गया था।

जोधपुर के कलेक्टर हिमांशु गुप्ता, एसपी सिंह और अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया। प्राथमिक जांच के अनुसार, पूराराम का भतीजा इस मामले में मुख्य संदिग्ध है और उसे हिरासत में लिया गया है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के विधायक पुखराज गर्ग ने बुधवार को विधानसभा में यह मामला उठाया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ जोशी ने सरकार से पांच बजे वक्तव्य देने को कहा।



## कांग्रेस विधायक ने हत्या मामले में अपनी ही सरकार पर उठाए सवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। ओसियां निर्वाचन क्षेत्र के एक गांव में एक परिवार के छह महीने के बच्चे सहित चार लोगों की हत्या कर उन्हें जलाए जाने के बाद ओसियां से कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने अपनी ही सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। घटना के बारे में बात करते हुए दिव्या मदेरणा ने कहा कि 'मैं क्या कहूं, मैं खुद सुरक्षित नहीं हूं।' पुलिस सुरक्षा के बीच भी मुझ पर हमला किया गया। उन्होंने कहा, मुझ पर हमला करने वाले आरोपी आज तक पकड़े नहीं गए। मदेरणा ने कहा कि मैं इस मामले को विधानसभा में उठाना चाहती थी लेकिन मुझे बोलने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, राजस्थान विधानसभा ने मंगलवार को संगठित अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एक विधेयक पारित किया था और आज हत्या की घटना सामने आई है। मदेरणा ने जोधपुर आईजी जयनारायण शेर पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ऐसे अक्षम अधिकारियों को तत्काल फील्ड से हटाकर पीएचक्यू में बिठाया जाना चाहिए।

## हत्या का मामला विधानसभा में उठा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में आज जोधपुर जिले में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या कर उनके शव जलाने का मामला उठा। शून्यकाल में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के विधायक पुखराज गर्ग ने यह मामला उठाते हुए कहा कि जोधपुर जिले के एक गांव में पूनाराम सहित उसके परिवार के चार लोगों की हत्या कर शव जलाने का मामला सामने आया है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि इस जघन्य घटना के आरोपियों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए। इस मामले पर विधानसभा में सायं पांच बजे सरकार की ओर से वक्तव्य दिया जायेगा।

## मुख्यमंत्री अलीबाबा अपने बेटे का वैभव बढाने में लगे हैं, भाई भ्रष्टाचार में लिप्त : सीपी जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जोधपुर के ओसियां थाना क्षेत्र के रामनगर में एक ही परिवार के मासूम सहित चार लोगों की नृशंस हत्या कर घर में आग लगाने व प्रदेश में बढती दुष्कर्म, लचर कानून व्यवस्था, युवाओं और किसानों से वादाखिलाफी को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने मुख्यमंत्री के गृह जिले जोधपुर के ओसियां थानातंर्गत चार लोगों की नृशंश हत्या कर छह माह की मासूम सहित पूरे परिवार को जला दिया गया। इस घटना की निंदा करते हुए कहा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने गृहनगर जोधपुर के हालात देखिए, आपने पूरे प्रदेश को अपराध के गहरे अंधकार में धकेल दिया है। अपराधियों की इतनी हिम्मत कैसे हो जाती है, क्योंकि अपराधियों में आपकी सरकार का कोई खौफ नहीं है। ओसियां की घटना वीभत्स, शर्मनाक



और प्रदेश की कानून व्यवस्था को कलंकित करने वाली है।

सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस के एमएलए स्वयं अपनी प्रदेश सरकार की लचर कानून व्यवस्था पर अंगुलियां उठा रहे हैं। उनका कहना कि सरकार से कानून व्यवस्था बिल्कुल नहीं संभल पा रही। जब हम स्वयं सुरक्षित नहीं, तो जनता की सुरक्षा के बारे में कैसे सोचें। मुख्यमंत्री इससे अधिक शर्मनाक आपकी सरकार के लिए कोई बयान नहीं हो सकता। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि 2018 में चुनी हुई कांग्रेस सरकार झूंठे वादों के सहारे सत्ता में आई थी।



## उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री रावत ने नेशनल हैण्डलूम वीक के ब्रोशर का किया विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्रीमती शकुन्तला रावत ने बुधवार को उद्योग भवन में 3 अगस्त से 7 अगस्त तक जवाहर कला केंद्र में आयोजित होने वाले नेशनल हैण्डलूम वीक के ब्रोशर का विमोचन किया। इस दौरान विशिष्ट शासन सचिव श्रीमती नेहा गिरी, आयुक्त श्री ओम कसेरा, रीको प्रबन्ध निदेशक श्री सुधीर कुमार शर्मा, आरएसआईसी प्रबन्ध निदेशक श्रीमती मनीषा अरोड़ा, संयुक्त शासन सचिव श्रीमती पूनम प्रसाद सागर, सचिव खादी बोर्ड श्री ब्रजेश चन्दोलिया, अतिरिक्त निदेशक श्री आर.के.आमेरिया, श्री एस एस शाह, विपुल जानी सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

श्रीमती रावत ने पत्रकार वार्ता में बताया कि इस पांच दिवसीय नेशनल हैण्डलूम वीक के आयोजन से प्रदेश के बुनकर, हथकरघा एवं खादी क्षेत्र के उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने बताया कि आयोजन में हथकरघा एवं खादी उत्पादों की 80 स्टॉल लगाई जायेंगी एवं विशेष रूप से 10 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त बुनकर भी अपने उत्पादों का विक्रय एवं प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की मंशा के अनुरूप एमएसएमई नीति 2022 के प्रावधानों की सफल क्रियान्विती से बुनकर, हथकरघा एवं खादी क्षेत्र के उत्पादकों को अपने उत्पादों का विक्रय बढ़ाने, स्थाई रूप से मार्केट की व्यवस्था करने के लिए विभाग की ओर से हरसंभव मदद दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आयोजन में विशिष्ट श्रेणी के प्राकृतिक रंगों से उत्पाद बनाने वाले हस्तशिलपकारों को भी अपने उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में मदद मिलेगी एवं उनके उत्पाद ब्रिकी में भी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि खादी एवं हथकरघा उत्पादों की बिक्री बढ़ाने हेतु बायर सेलर मीट का आयोजन होगा । उन्होने आयोजन में प्रदर्शित किये जाने वाले राज्य के हथकरघा उत्पादों को भी देखा एवं उनकी जानकारी ली।

मंत्री श्रीमती रावत ने बताया कि आयोजन में हथकरघा कला पर आमजन को जानकारी देने हेतु केमिकल वूल, गिच्छा रेशम, खादी, भेड़ ऊन आदि से धागा बनाने की तकनीक का लाइव डेमो दिया जाएगा। हैण्डलूम क्षेत्र के विशेषज्ञों के जरिए जूट, आरी-तारी, ब्लॉक प्रिंटिंग, कोटा डोरिया, सांगानेर प्रिंट का भी प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 6 अगस्त को राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर में फैशन शो के जरिये प्रदेश के बुनकर, हथकरघा, खादी के परिधान का प्रदर्शन होगा।

## श्रीगंगानगर के जिला अस्पताल में एक साथ जन्मे चार बच्चों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

*श्रीगंगानगर।राजस्थान के श्रीगंगानगर में सरकारी जिला अस्पताल में एक साथ जन्मे चार बच्चों की आज सुबह मृत्यु हो गई। जिले के श्रीबिजयनगर की निवासी शालू (पत्नी गुलविंदरसिंह) ने कल शाम 3:30 बजे चार बच्चों को जन्म दिया था। इनमें दो लड़के और दो लड़कियां थीं। अस्पताल के प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर (पीएमओ) डॉ. केएस कामरा ने बताया कि इन बच्चों का वजन काफी कम था। बच्चे काफी कमजोर थे। वजन 500-600 ग्राम होने के कारण बच्चों को तुरंत ही चाइल्ड नर्सरी (एसएनसीयू) में शिफ्ट कर दिया गया। इन पर चिकित्सकों और स्टाफ कर्मियों ने पूरी निगरानी रखी लेकिन आज सुबह एक-एक कर चारों की ही मृत्यु हो गई।*

*यह बच्चे अंडर डेवलप थे। प्रीमेच्योर डिलीवरी होने के कारण इनको बचाया नहीं जा सका। कल शाम 3:30 बजे शालू द्वारा एक साथ चार बच्चों को जन्म देने से उनके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई थी लेकिन बाद में बच्चे काफी कमजोर तथा प्रीमेच्योर होने के का पता लगने पर चिंता व्याप्त हो गई। एक साथ चार बच्चों का जन्म होने से अस्पताल में कौतूहल का वातावरण बन गया। काफी लोग बच्चों को देखने के लिए आए लेकिन तब तक उनको एसएनसीयू नर्सरी में शिफ्ट कर दिया गया था। इस नर्सरी में अनावश्यक लोगों को नहीं जाने दिया गया। जानकारी के अनुसार शालू के 5 वर्ष का एक बेटा है। उसके 5 वर्ष पहले सामान्य डिलीवरी हुई थी। अब गर्भवती होने पर अल्ट्रासाउंड करवाया गया तो दंपति को जानकारी हो गई थी कि गर्भ में चार बच्चे हैं। यह पता चलने पर दंपति और इसके परिवारजन काफी एक्साइटमेंट में थे, लेकिन आज बच्चों की मृत्यु हो जाने से उनमें शोक की लहर दौड़ गई। चिकित्सकों के अनुसार सामान्य प्रसव लगभग 37 सप्ताह की गर्भावस्था में होता है,लेकिन शालू का प्रसव 26 से 27 सप्ताह के मध्य कल शाम सिजेरियन द्वारा किया गया। इस कारण बच्चे प्रीमेच्योर तथा कमजोर थे।बच्चों की आज अंत्येष्टि कर दी गई। गुलविंदर सिंह ट्रक चालक है। श्रीगंगानगर के एक निजी अस्पताल में 3 वर्ष पूर्व आईवीएफ तकनीक से गर्भवती एक महिला ने चार बच्चों को जन्म दिया था।*



## महिला अधिकार एवं सशक्तिकरण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान राज्य महिला आयोग के तत्वाधान में राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से समाज में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हरीश चंद्र माथुर लोक प्रशिक्षण संस्थान में किया गया। कार्यक्रम में आयोग अध्यक्ष श्रीमति रेहाना रियाज चिश्ती, आयोग सदस्य श्रीमती सुमन यादव, श्रीमती सुमित्रा जैन और श्रीमती अंजना मेघवाल तथा राष्ट्रीय महिला आयोग के अपर सचिव आशुतोष पांडेय, आईएएस के.के पाठक, महिला अधिकारिता आयुक्त श्रीमती रेनू जयपाल और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्रीमती अनुकृति उज्जैनिया ने महिला प्रतिभागियों को संबोधित कर उन्हें जागरूक एवं प्रेरित किया।

आयोग अध्यक्ष श्रीमती रेहाना रियाज ने कहा कि महिलाएं परिवारो को जोड़कर रखने के साथ देश को जोड़कर रखने की भी असीम शक्ति रखती है। आयोग सदस्यों ने महिलाओं को शिक्षा के द्वारा आत्मनिर्भरता का महत्व समझाया और साथ ही आधुनिक उपकरणों की सहायता से कौशल विकास एवं प्रशिक्षण की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं के साथ अपने अनुभव साझा कर उन्हें प्रेरित किया और महिलाओं से अपील की कि राष्ट्र एवं राज्य सरकारों की योजनाओं का लाभ लें। श्रीमती रेणु जयपाल ने कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की जानकारी देते हुए राज्य सरकार की योजनाओं एवं परियोजनाओं के सम्बंध में महिलाओं को जागरूक किया । आशुतोष पांडेय ने कहा कि जानकार बनना ही भय का तोड़ है। उन्होंने महिलाओं को टेक्नोलॉजी के प्रयोग से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया साथ ही सरकार द्वारा महिला उद्यमी के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। वित्त विभाग के शासन सचिव के के पाठक ने कहा कि हम सब पहले मानव है फिर स्त्री और पुरुष। उन्होंने कहा कि एक महिला के विरुद्ध अपराध का मतलब एक व्यक्ति का विफल होना नहीं बल्कि एक परिवार, एक समाज का विफल होना है। उन्होंने महिलाओं को स्वयं सहायता समूह की जानकारी दी और कहा कि महिलाएं एक दूसरे को साथ में जोड़ने की कोशिश करें। कार्यक्रम में 150 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने आयोग अध्यक्ष को दी गई जानकारी के लिए धन्यवाद दिया और अपना आभार प्रकट किया।

## राजस्थान विधियां निरसन विधेयक-2023 ध्वनिमत से पारित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्य विधानसभा में बुधवार को राजस्थान विधियां निरसन विधेयक-2023 ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इससे अब राज्य की विधिक प्रणाली और अधिक सुगम बनेगी वहीं अप्रचलित एवं अनावश्यक 133 अधिनियमों का निरसन होगा। इससे पहलले विधि एवं संसदीय कार्य मंत्री शांति कुमार धारीवाल ने विधेयक को चर्चा के लिए सदन में प्रस्तुत किया और इस पर चर्चा हुई। बाद में धारीवाल ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार जन सामान्य के प्रति राज्य की विधिक प्रणाली को अधिक सुगम बनाने तथा इसमें सुधार करने लिए निरन्तर प्रयासरत है। इसी उद्देश्य से राजस्थान विधियां निरसन विधेयक-2023 लाया गया है जिसके माध्यम से अप्रचलित एवं अनावश्यक 133 अधिनियमों को निरसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अप्रचलित एवं अनावश्यक कानूनों के निरसन की एक सतत प्रक्रिया रही है। इससे पूर्व भी चार बार इसी तरह की प्रक्रिया द्वारा कई कानूनों को निरसित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि निरसित होने वाले अधिनियमों से मूल एक्ट की भावना प्रभावित नहीं होती है, क्योंकि जिस उद्देश्य से ये अधिनियम या संशोधन लाये गये थे वे पूरे हो चुके हैं।

उन्होंने बताया कि ऐसी विधियों के पुनर्विलोकन के लिए सदस्यों की समिति गठित कर इस दिशा में पहल की गई थी। समिति ने समस्त प्रशासनिक विभागों से परामर्श कर ऐसे मूल अधिनियमों एवं संशोधी अधिनियमों की पहचान की जो सुसंगत नहीं हैं तथा जिन्हें निरसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित प्रशासनिक विभागों द्वारा अधिनियमों का स्वयं के स्तर पर परीक्षण भी किया गया तथा इस परीक्षण के बाद विभागों की सहमति के पश्चात ही 133 अधिनियमों को निरसित किया जा रहा है। विधेयक को जनमत जानने के लिए परिचालित करने के प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से अस्वीकार कर दिया।

## मतदाताओं को जागरूक करने में जुटा जिला प्रशासन

जयपुर। राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जयपुर जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए तहसील एवं पंचायत समिति मुख्यालय तक ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रदर्शन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नियमित कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के तहत ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर पर मशीन का प्रदर्शित करने के साथ ही आम नागरिकों को ईवीएम में मॉक पोल का मौका दिया जा रहा है। रोजाना हजारों लोग इन मतदान प्रदर्शन केन्द्रों पर मॉक पोलिंग कर ईवीएम से मतदान की प्रक्रिया को समझ रहे हैं।



## प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में बनेगी ऑर्गन ट्रांसप्लांट कमेटी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रदेश में अंगदान को बढ़ावा देने एवम ऑर्गन ट्रांसप्लांट संबंधी सेटअप सहित अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों के सम्पादन हेतु प्रत्येक राजकीय मेडिकल कॉलेज में ऑर्गन ट्रांसप्लांट समितियां बनायी जाएगी। इन समितियों में अंगदान के क्षेत्र में कार्य कर रही स्वयंसेवी संस्थाओं को भी शामिल किया जाएगा।

अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग श्रीमती शुभ्रा सिंह ने ऑर्गन ट्रांसप्लांट एवं कॉर्नियां ट्रांसप्लांट के संबंध में बुधवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजकीय अस्पतालों में सम्पादित हुए ऑर्गन डोनेशन के बाद प्राप्तकर्ता की एक वर्ष तक सभी प्रकार की फोलोअप जांचें निःशुल्क किए जाएंगे। इन फोलोअप जांचों पर होने वाले व्यय का वहन संबंधित आरएमआरएस के माध्यम से किया जाएगा।

श्रीमती शुभ्रा सिंह ने कहा कि स्टेट ऑर्गन एवं टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाईजेशन (सोटो) संबंधित चिकित्सकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक वार्षिक कैलेंडर जारी करेगा। इस कैलेंडर के तहत वर्तमान में संचालित सभी मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत व अन्य चिकित्सकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि नवीनतम जानकारी मिल सके। साथ ही उन्होंने एसएमएस अस्पताल में क्रिटिकल केयर, एनेस्थीसिया एवं ऑर्गन ट्रांसप्लांट का एक अलग से विभाग पुनः शुरू करने की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने नेत्रदान को बढ़ावा देने हेतु एसएमएस मेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष को कैरेटोप्लास्टी प्रशिक्षण अगस्त माह में शुरू करने के लिए निर्देश दिए। अन्य मेडिकल कॉलेजों में प्रशिक्षित चिकित्सक दूसरे चिकित्सकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। उन्होंने नेत्रदान एवं अंगदान को बढ़ावा देने के लिये आठवीं कक्षा में इस विषय को पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, संयुक्त कार्यकारी अधिकारी, स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी डॉ. गौरव सैनी, आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष श्री बी.एल. शर्मा, उपाध्यक्ष श्री कपिल गर्ग, सचिव श्री ललित कोठारी, सोटो के डॉ. अमरजीत मेहता, संयुक्त निदेशक अंधता निवारण डॉ. सुनील सिंह, एवं मोहन फाउंडेशन के प्रतिनिधिगण भी मौजूद थे।

## पर्यटकों का बढ़ने लगा सन टूरिज्म की ओर रुझान : राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। देश में बढ़ते सन टूरिज्म प्रचलन के चलते इन दिनों राजस्थान में इसके प्रति पर्यटकों का रुझान बढ़ने लगा है। राजस्थान के पर्वतीय पर्यटन स्थल माउन्टआबू एक ऐसा सनसैट स्थल है जहां पर्यटक विशेष तौर पर जाते हैं। माउंटआबू सनसैट ही नहीं घूमने की दृष्टि से वर्ष में बारह महीने पर्यटकों को आकर्षित करता रहता है और वहां पर्यटकों का जमघट लगा रहता है। पर्यटन विभाग के उप निदेशक दलीप सिंह राठौड़ के अनुसार इन दिनों देश में विदेशी पर्यटकों के साथ घरेलू पर्यटकों का रुझान भी सन टूरिज्म की ओर बढ़ रहा है। राजस्थान में सन टूरिज्म का केंद्र तो माउन्टआबू है लेकिन राजस्थान में पहाड़ियों पर बने गढ़ और किले भी सन टूरिज्म को बढ़वा दे रहे हैं।

राठौड़ ने बताया कि राजस्थान इन दिनों वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी ख्याति पा रहा है ऐसे में सन टूरिज्म, प्री वेडिंग शूट का भी हिस्सा बन चुका है। राजस्थान में हर जिले में एक सन सैट पाइंट जरूर है क्योंकि यहां हर जिले में किले, गढ़, और गढ़ी आदि हैं। माउन्टआबू जयपुर में नाहर गढ़, उदयपुर, कुम्भल गढ़, सवाईमाधोपुर आदि यहां तक कि जैसलमेर और बाड़मेर में भी सन टूरिज्म का हिस्सा हैं। जैसलमेर के सुनहरी धोरों से सूर्यास्त और सूर्योदय के नजारे देखना सैलानियों को अलौकिक अनुभव प्रदान करता है।

उन्होंने रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी का जिक्र करते हुए कहा कि इस फिल्म का वो सीन जिसमें दीपिका पादुकोण चित्तौड़गढ़ किले से सन सैट देख रही हैं और रणबीर कपूर, कहते हैं कि चलो जल्दी यहां से, तो दीपिका का डॉयलॉग अगर मैं चली गई तो यह सॉलिड सनसैट मिस हो जाएगा । फिल्म का यह दृश्य भी पर्यटकों में सन टूरिज्म को बढ़ावा देने में सहायक साबित हुआ और इससे भी युवाओं का रुझान पर्यटन के प्रति बढ़ने लगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान पर्यटन विभाग इन दिनों नए-नए पर्यटन क्षेत्रों को चिह्नित कर उनके विकास में जुटा है जिससे विदेशी और घरेलू पर्यटकों प्रदेश की ओर अधिक से अधिक आकर्षित हो।

# उत्तर प्रदेश में जल्द होगा शिक्षा आयोग का गठन : योगी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/वार्ता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में एक शिक्षा आयोग बनाने की प्रक्रिया वर्तमान में प्रचलित है और बहुत जल्द ही इसका गठन किया जाएगा।

शिक्षा सत्र 2023-24 में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी की खरीद के लिए प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपए की धनराशि उनके माता-पिता के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से जारी करते हुए श्री योगी ने कहा कि पिछले छह वर्ष में एक लाख 64 हजार शिक्षकों की भर्ती बेसिक और माध्यमिक शिक्षा परिषद में हुई है। जो लोग रिटायर हो रहे हैं,जहां अतिरिक्त शिक्षकों की आवश्यकता होती है, वहां पर निरंतर इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी के लिए प्रदेश के अंदर एक शिक्षा आयोग बनाने की प्रक्रिया वर्तमान में प्रचलित है और बहुत जल्द हम इसका गठन करने जा रहे हैं। इसके साथ ही समय समय पर शिक्षकों के रिफ्रेशर कोर्स चलाने चाहिए। शिक्षक यदि अपडेट होगा तो वो पूरी पीढ़ी को अपडेट कर देगा। हमारा प्रयास होना चाहिए कि डायट खाली न हो, योग्य शिक्षक जाएं। उन्हें अतिरिक्त सुविधाएं दीजिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा स्कूलों में बच्चे आने से डरते थे, लोगों में उत्साह नहीं था। स्कूलों में पेड़ों की जगह झाड़ियां जमा रहती थीं। आज उन्हीं विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ती हुई दिखाई देती है। स्कूलों की दीवारों पर बच्चों की रचनात्मक अभिव्यक्ति पेंटिंग के रूप में दिखाई देती है। आज अभिभावक अपने बच्चे को स्कूल भेजना चाहता है। उसके मन में जिज्ञासा पैदा हुई है। पिछले छह वर्षों में 55 से 60 लाख अतिरिक्त बच्चे बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में आए हैं। आज बेसिक स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या एक करोड़ 91 लाख को पार कर चुकी है।

उन्होने कहा कि जब इस संख्या को देखता हूं तो सोचता हूं कि कई देशों की आबादी इतनी नहीं है। पिछले छह वर्षों में उत्तर प्रदेश में समग्र विकास की भावना को साकार करते हुए क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का प्रयास किया गया है। नीति आयोग की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश को गरीबी से मुक्त करने के जिस लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की गई है, वह बड़ी उपलब्धि है।

## मेरठ में दारोगा ने युवक को सरेआम दी ठोक देने की धमकी

**मेरठ (उत्तर प्रदेश)/भाषा।** जिले में एक दारोगा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा जिसमें वह सरेआम एक युवक को ठोक देने (गोली मारने) की धमकी देते नजर आ रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने इस मामले में जांच के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही है। सूत्रों के मुताबिक सदर थाना क्षेत्र के करियप्पा मार्ग पर मंगलवार को छावनी बोर्ड की एक टीम एक जर्जर मकान के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर रही थी, तभी कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कहासुनी के दौरान दरोगा श्यौराज सिंह ने सचिन नामक युवक को ठोक डालने की धमकी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) पीयूष सिंह ने घटना के बारे में बताया, कैंट क्षेत्र में एक महीने पहले एक मकान में आग लग गई थी। इस वजह से वह आवास योग्य नहीं रह गया था। छावनी बोर्ड की एक टीम उसी भवन के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करवा रही थी। इसी दौरान उस भवन के पूर्व किराएदार बताए जा रहे कुछ लोगों ने आपत्ति की। उन्होंने भवन पर अपना ताला भी लगा रखा है।

# आम लोगों के जीवन में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाने वाला महत्वपूर्ण अंग संसद : बिरला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कहा कि लोकतंत्र में संसद की विशेष भूमिका होती है और आम लोगों के जीवन में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाने वाला यह सबसे महत्वपूर्ण अंग है।

लोकसभा अध्यक्ष ने संसदीय शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा आयोजित प्रशिक्षण



कार्यक्रम में भाग ले रहे बांग्लादेश की संसद के अधिकारियों से मुलाकात के दौरान यह बात कही।

लोकसभा सचिवालय के बयान के अनुसार, बिरला ने कहा कि लोकतंत्र में संसद की विशेष भूमिका है जहां कानून बनते हैं और कार्यपालिका की जवाबदेही और पारदर्शिता तय होती हैं। उन्होंने कहा कि संसद जनता और सरकार के बीच की कड़ी है तथा आम जनता के जीवन में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। संसद में कार्यरत कर्मियों की भूमिका की सराहना करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि वे संसद के कार्यों में नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप जनप्रतिनिधियों का सहयोग करते हैं जिससे जनप्रतिनिधि अपने कर्तव्यों का सुचारू रूप से निर्वहन कर पाते हैं।

# लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी बसपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बुधवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनावों के साथ ही राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी।

मायावती ने यहां एक बयान में कहा कि बसपा पंजाब और हरियाणा में क्षेत्रीय दलों के साथ हाथ मिलाने के लिए तैयार है, बशर्ते उनका सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) या नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया के साथ कोई गठजोड़ न हो।



उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राजग के साथ ही नवगठित विपक्षी गठबंधन 'इंडिया की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि उनमें से कोई भी दलितों और उत्पीड़ित वर्गों के अनुकूल नहीं है। विपक्ष के 26 दलों ने मंगलवार को बेंगलूरु में हुई अपनी बैठक में, अगले लोकसभा चुनाव के लिए अपनी चुनावी बिसात बिछाने का आगाज करते हुए 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) नाम से नए गठबंधन की घोषणा की थी। मायावती ने कहा कि जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाला राजग और कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन खुद को मजबूत कर रहा है, वहीं बसपा भी देश भर में पार्टी कार्यकर्ताओं की बंद कमरे में बैठकें कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्पीड़ित वर्गों को बसपा का समर्थन करना होगा क्योंकि कांग्रेस ने जातिवादी मानसिकता अपनाई और उनकी मांगों को नजरअंदाज किया। मायावती ने कहा, अगर कांग्रेस ने अपनी जातिवादी और पूंजीवादी मानसिकता को अलग रखा होता, गरीबों और पीड़ितों के कल्याण के लिए काम किया होता और बी आर आंबेडकर के विचारों का अनुसरण किया होता, तो बसपा बनाने की जरूरत ही नहीं पड़ती।

## इनेलो नेता अभय चौटाला को मिली धमकी, पुलिस ने मामला दर्ज किया

**चंडीगढ़/भाषा।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला को व्हाट्सएप कॉल कर धमकी देने के आरोप में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इनेलो नेता के निजी सहायक ने मंगलवार को इस संबंध में जींद पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जींद सदर थाने के प्रभारी संजय कुमार ने कहा, इनेलो नेता को मंगलवार को व्हाट्सएप कॉल पर धमकी दी गई थी। यह कॉल एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से आई थी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज की कार्रवाई बिहार में जंगलराज व अराजकता को दर्शाती है : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बुधवार को कहा कि पिछले दिनों पटना में पार्टी नेताओं के एक प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा कथित तौर पर किए गए अत्यधिक बल का इस्तेमाल बिहार में व्याप्त 'जंगलराज, अराजकता और विपक्षी दलों के प्रति राज्य



सरकार की क्रूरता को दर्शाता है।

नड्डा ने इस घटना की जांच के लिए विगत शुक्रवार को सांसदों की चार सदस्यीय 'उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की थी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास को इसका संयोजक जबकि विष्णु दयाल राम, मनोज तिवारी और सुनीता दुग्गल को इसका सदस्य बनाया गया था।

समिति ने बुधवार को यहां नड्डा से मुलाकात की और घटनाक्रम की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी।

इसके बाद नड्डा ने एक ट्वीट में कहा, यह (रिपोर्ट) बिहार में व्याप्त जंगलराज, अराजकता और विपक्षी दलों के प्रति राज्य सरकार की क्रूरता एवं असंवेदनशीलता को दर्शाती है। नीतीश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

भाजपा की समिति ने पटना में डाकबंगला चौराहे पर जाकर उस जगह को देखा जहां 'लाठीचार्ज की घटना हुई थी। सदस्यों ने राजधानी के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती घायल नेताओं और कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की थी।

भाजपा ने लाठीचार्ज को लेकर दावा किया था कि इसमें उसके एक जिला महामंत्री विजय सिंह की मौत हो गई थी।

## पिथौरागढ़ में बादल फटा, एक अस्थाई लोहे का पुल बहा

**पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)/भाषा।** पिथौरागढ़ जिले में भारतचीन सीमा के पास कालापानी क्षेत्र में बुधवार तड़के भारी बारिश के दौरान बादल फटने की घटना में एक बेली ब्रिज (लोहे का अस्थाई पुल) बह गया। पिथौरागढ़ की जिलाधिकारी रीना जोशी ने बताया कि घटना में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा बनाया गया बेली ब्रिज बह गया। उन्होंने कहा कि घटना में फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बीआरओ कमांडर हरीश कोटनाला ने बताया कि बादल फटने की घटना में बहा बेली ब्रिज 100 फुट लंबा था और उसकी भार वहन क्षमता तीन टन थी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बादल फटने से भारतचीन सीमा पर कालापानी और लिपुलेख सुरक्षा चौकियों को जाने वाली सड़क का 100 मीटर हिस्सा भी बह गया।

## बेंगलूरु में विपक्ष की बैठक पर

# नीतीश ने अपनी नाराजगी की अटकलों को खारिज किया

**राजगीर (नालंदा, बिहार)/भाषा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेंगलूरु में विपक्षी दलों की बैठक को लेकर अपनी नाराजगी की अटकलों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि ''बहुत अच्छी बैठक हुई है, सभी मिलजुल कर एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे।

मधुमास मेले को लेकर नालंदा जिले के राजगीर में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में जब बेंगलूरु में हुई विपक्ष की बैठक को लेकर सवाल किया गया तो नीतीश ने कहा, बहुत अच्छी बैठक हुई है। यहां (पटना) 15 पार्टियां शामिल हुई थीं, वहां 26 पार्टियां शामिल हुईं। काफी अच्छी बातचीत हुई। मिलजुल कर



एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे।

विपक्ष की बैठक से नाराज होकर बेंगलूरु से लौटने के भाजपा के दावे को ''फालतू बात करार देते हुए नीतीश ने कहा कि राजगीर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें तत्काल आना था, इसलिए वह लौट आए, कोई अन्य बात नहीं है।

बेंगलूरु में हुई विपक्ष की बैठक के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा, बहुत अच्छा हुआ है और सर्वसम्मति से हुआ है। हमको जो सुझाव देना था दे दिया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी के इस दावे पर कि उन्हें (नीतीश को) इंडिया नाम पर आपत्ति थी इसलिए वह नाराज होकर लौट वे आए, नीतीश ने पलटकर सवाल किया ''क्या वह (सुशील मोदी) वहां पर मौजूद थे?

विपक्षी गठबंधन का संयोजक बनाए जाने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर नीतीश ने कहा, हमारी ऐसी कोई इच्छा नहीं है। हम सभी को एकजुट करने में लगे हुए हैं। देश के हित में काम होना चाहिए हमारी कोई व्यक्तिगत पसंद नहीं है।

## पीएफआई का महत्वपूर्ण कार्यकर्ता बिहार से गिरफ्तार

**पटना/भाषा।** पीएफआई फुलवारीशरीफ मॉड्यूल मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा वांछित एक मुख्य आरोपी को बिहार पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया। बिहार पुलिस मुख्यालय के अनुसार, याकूब खान उर्फ सुल्तान को पूर्वी चंपारण जिले के उत्तर गोविंदरा गांव से गिरफ्तार कर एनआईए को सौंप दिया गया। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) और जिला पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में उसे गिरफ्तार किया। पीएफआई पर प्रतिबंध लगने से कुछ ही समय पहले पटना के फुलवारी शरीफ में संगठन के मॉड्यूल का पर्दाफाश हुआ था। पिछले साल हुई इस घटना के बाद से ही खान एनआईए की राडार पर था। वह पास के ही एक गांव का रहने वाला है। एनआईए के अनुसार, खान एक फिजिकल ट्रेनर (जिम में व्यायाम कराने वाले प्रशिक्षक) के रूप में काम करता था लेकिन कथित रूप से सांप्रदायिक तनाव फैलाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करने में संलिप्त था।

# पहलवान तय नहीं, आपस में ही लड़ने लगेंगे विपक्षी दल : महाजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ विपक्ष के 26 दलों की लामबंदी पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुमित्रा महाजन ने बुधवार को कटाक्ष किया।

लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष महाजन ने कहा कि आने वाले दिनों में विपक्षी दल आपस में लड़ने लगेंगे क्योंकि मोदी के खिलाफ उनका ''पहलवान (प्रधानमंत्री पद के लिए विपक्ष का चुनावी चेहरा) तय नहीं है।

महाजन ने अपने गृहनगर इंदौर में संवाददाताओं से कहा, देखो, ऐसा होता है कि जब सबसे बड़ा पहलवान अकेला दिखता है, तो उसके सब विरोधियों को लगता है कि वे उसे मिलकर मारें। मगर मारने वाले लोगों के हाथों में ताकत तो होनी चाहिए। उन्होंने कहा, दूसरी बात यह है कि कल वे (विपक्षी दल) एक-दूसरे से लड़ने लगेंगे क्योंकि



तय ही नहीं है कि उनका पहलवान कौन है।

महाजन ने यह तंज विपक्ष के 26 दलों द्वारा अगले लोकसभा चुनावों के लिए ''इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) के नाम से नए गठबंधन की घोषणा के अगले दिन कसा। विपक्षी दलों का दावा है कि यह गठबंधन 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पराजित करेगा।

महाजन ने यह भी कहा कि प्रजातंत्र में विपक्ष भी ताकतवर होना चाहिए। उन्होंने कहा, आज विपक्षी दल केवल मोदी को हराने के लिए एकत्रित हो रहे हैं। मगर मैं भगवान से प्रार्थना करूंगी कि वे देश को बुलंदी पर पहुंचाने के लिए भी ऐसे ही एकत्रित रहें। यदि ऐसा होगा, तब हम मानेंगे कि विपक्ष अपने कर्तव्य का पालन कर रहा है।

चुनावों में नेताओं की संतानों को टिकट दिए जाने या न दिए जाने की बहस को लेकर 80 वर्षीय भाजपा नेता ने कहा कि वह अपनी इस राय पर हमेशा कायम रही हैं कि काबिल और चुनाव जीत सकने वाले लोगों को उम्मीदवारी का मौका दिया ही जाना चाहिए।

महाजन ने कहा, किसी व्यक्ति को केवल इस आधार पर चुनावी टिकट देने से इनकार नहीं किया जाना चाहिए कि वह किसी नेता का पुत्र है। इसी तरह, बिना सियासी वजूद वाले किसी व्यक्ति को केवल इस आधार पर टिकट नहीं दिया जाना चाहिए कि वह किसी नेता का बेटा है।

# विद्यालय में नौकरी दिलाने के नाम पर घोटाले में राज्यपाल ने पार्थ चटर्जी के खिलाफ मुकदमे को मंजूरी दी

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी. वी. आनंद बोस ने स्कूल की नौकरियों के लिए भर्ती में अनियमितताओं को लेकर राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। राजभवन के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि बोस ने मंगलवार को इस संबंध में अपनी मंजूरी दी।



नियमों के मुताबिक, राज्य के किसी मंत्री के खिलाफ कोई भी जांच शुरू करने के लिए राज्यपाल और विधानसभा अध्यक्ष की अनुमति की आवश्यकता होती है।


अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, बोस ने मंगलवार को अभियोजन को मंजूरी दे दी।

प्रवर्तन निदेशालय ने चटर्जी और उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में भर्ती घोटाले के सिलसिले में पिछले साल जुलाई में गिरफ्तार किया था।

इस घोटाले में कथित संलिप्तता को लेकर कई प्रशासनिक अधिकारियों, विधायकों, प्राथमिक शिक्षा बोर्ड और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अधिकारियों और कुछ तृणमूल कांग्रेस नेताओं को भी गिरफ्तार किया गया है।

# रोहित शर्मा की शीर्ष 10 में वापसी

## अश्विन ने नंबर एक पर अपनी स्थिति मजबूत की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई/भाषा।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने 10वें टेस्ट शतक के दम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी की है जबकि वेस्टइंडीज के खिलाफ शृंखला के पहले मैच में 12 विकेट लेने वाले रविचंद्रन अश्विन ने गेंदबाजों की सूची में नंबर एक पर अपनी स्थिति मजबूत की।

रोहित भारतीय बल्लेबाजों में शीर्ष पर काबिज हैं। भारत की वेस्टइंडीज पर पहले टेस्ट मैच में पारी और 141 रन से जीत के बाद रोहित 751 रेटिंग अंक लेकर तीन पायदान ऊपर दसवें नंबर पर पहुंच गए हैं। अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही 171 रन की शानदार पारी खेलने वाले 21 वर्षीय यशस्वी जायसवाल ने भी बल्लेबाजों की सूची में स्थान पाया है। वह 420 अंक लेकर 73वें स्थान पर हैं।

भारतीय बल्लेबाजों में रोहित के बाद ऋषभ पंत का नंबर आता है जो एक पायदान नीचे 11वें स्थान पर खिसक गए हैं। विराट कोहली 711 अंकों के साथ 14वें स्थान पर बने हुए हैं। बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष नौ खिलाड़ियों के स्थान में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

अश्विन ने बेजोड़ प्रदर्शन से टेस्ट गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर अपना स्थान मजबूत किया है। उनके 884 अंक हैं और उन्होंने दूसरे नंबर पर काबिज ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस पर 56 अंकों की बढ़त बना ली है।

## मणिपुर जातीय हिंसा :

# केंद्रीय बलों की और तैनाती चाहते हैं ग्रामीण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चुराचांदपुर/विष्णुपुर/भाषा।** मेइती और कुकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर के गांवों में कई अन्य समुदाय भी संघर्ष के खतरों का सामना कर रहे हैं और उनका हर दिन भय तथा अनिश्चितता के बीच गुजर रहा है।

फूलजंग और फाओगाकचाओ गांवों के बीच क्वातका नगर परिषद के वार्ड संख्या नौ में निवासियों के चेहरे पर खौफ स्पष्ट नजर आता है क्योंकि उन्हें अघोषित गोलीबारी और स्थानीय अधिकारियों के कथित बेपरवाह रवैये का सामना करना पड़ रहा है। छोटी-छोटी झोपड़ियों से घिरी इस बस्ती में, दीवारों और छतों पर हिंसा के ताजा



निशान हैं, जिन पर लगातार होने वाली गोलीबारी के दौरान गोलियों से अनगिनत चोटें आई हैं।

झोपड़ी के अंदर पड़े फर्नीचर और रसोई के बर्तन अनगिनत छेदों वाले हैं, जिनमें से हर छेद, घर की कमजोर दीवारों को पार कर आई एक गोली लगने की पीड़ा बताता है।

फाओगाकचाओ के ग्रामीणों की तरफ से वाहिद रहमान उस गंभीर स्थिति का वर्णन करते हैं जिसमें वे खुद को घिरा पाते हैं। उन्होंने कहा, हम हाशिये पर रह रहे हैं, भविष्य के बारे में कोई निश्चितता नहीं है। गोलीबारी अचानक शुरू होती है, और घंटों तक चल सकती है। हमने अपने कुछ साथी ग्रामीणों को स्थिति से बचने के लिए पास के रिश्तेदारों के पास भागते देखा है, लेकिन हम जैसे लोग जिनके पास जाने के लिए कोई और जगह नहीं है, हम उन खतरों के खौफ़ के साथ जीने के लिए मजबूर हैं जिनका हम सामना कर रहे हैं।

## हिंसा में लिप्त समुदायों के पास अभी भी छह लाख से अधिक कारतूस : अधिकारी

**इम्फाल/भाषा।** हिंसा प्रभावित मणिपुर में छह लाख से अधिक गोलियां और लगभग तीन हजार हथियार अभी भी हिंसा में लिप्त समुदायों के पास हैं तथा अधिकारियों और विशेषज्ञों ने राज्य में प्रतिबंधित उग्रवादी समूहों के फिर से सिर उठाने की चेतावनी दी है। यहां स्थिति पर बारीकी से नजर रखने वाले अधिकारियों ने विभिन्न स्रोतों से एकत्रित आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि .303 राइफल, मीडियम मशीन गन (एमएमजी) और एके असॉल्ट राइफल, कार्बाइन, इंसास लाइट मशीन गन (एलएमजी), इंसास राइफल, एम-16 और एमपी5 राइफल के मई में पुलिस के शस्त्रागार से लापता होने की सूचना मिली। इनके अलावा, तीन मई से पुलिस और अन्य सुरक्षा अधिकारियों पर किए गए हमलों के दौरान लगभग 6 लाख कारतूस गायब पाए गए, जब राज्य में दो प्रमुख समुदायों के बीच जातीय झड़पें शुरू हुईं थी। इन हमलों में अब तक 160 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। अधिकारियों ने कहा कि लगभग 4,537 हथियार और 6.32 लाख गोला-बारूद गायब हैं। अधिकारियों ने कहा कि ये हथियार और गोला बारूद मुख्य रूप से पूर्वी इम्फाल के पांगेई में मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण केंद्र (एमटीपीसी), 7वीं इंडिया रिजर्व बटालियन और 8वीं मणिपुर राइफल्स (दोनों इम्फाल शहर के खाबेइसोई में स्थित) से गायब हैं।

## सुविचार

**यहाँ रोटी नहीं उम्मीद सब को ज़िन्दा रखती है, जो सड़कों पर भी सोते हैं, सिरहाने ख्वाब रखते है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# आंखों देखा झूठ

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के फायदों के साथ नुकसान भी सामने आने लगे हैं। यह कहना उचित ही है कि जैसे-जैसे एआई की क्षमताओं का विस्तार होगा, वास्तविकता और कल्पना के बीच की रेखाएं तेजी से धुंधली होती जाएंगी। अभी तक सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी मिल रही थी कि कुछ वर्षों बाद एआई कितना बदलाव लेकर आ सकती है, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी सामने आ रहा है, जिसके मद्देनज़र सावधानी बरतने की ज़रूरत है। केरल में एआई आधारित वीडियो कॉल के जरिए 40,000 रुपए की ठगी इस किस्म की शुरुआती आपराधिक घटनाओं में से एक है। भविष्य में जब एआई और परिष्कृत हो जाएगी तो साइबर ठग इसका दुरुपयोग कर अधिक लोगों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। कोझिकोड में रहने वाले एक व्यक्ति के पास उसके परिचित का वीडियो कॉल आया, जो आंध्र प्रदेश में उसके साथ काम करता था। उसने सामान्य बातचीत के बाद यह कहकर कुछ रुपयों की मांग की कि उसे बहुत ज़रूरत है। चूंकि दोनों एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते थे, वीडियो कॉल पर एक-दूसरे को देख रहे थे, बातचीत कर रहे थे, इसलिए शक करने का सवाल ही नहीं था। उसने 40,000 रुपए भेज दिए। उसके बाद पूर्व सहकर्मी के नाम से फिर वीडियो कॉल आया, जिसमें दोबारा राशि भेजने की मांग की गई। इससे उस व्यक्ति को शक हुआ। उसने फोन किया तो पता चला कि पूर्व सहकर्मी ने न तो वीडियो कॉल के जरिए संपर्क किया था और न ही रुपए मांगे थे! यह एआई आधारित उपकरणों की मदद से धोखाधड़ी की गई थी, जिसके बारे में ज़्यादातर लोगों को अधिक जानकारी नहीं है।

जब वॉट्सऐप या किसी अन्य वीडियो माध्यम से किसी परिचित के नाम से संपर्क किया जाता है तो लोगों के मन में शक की गुंजाइश नहीं होती, क्योंकि वे उसे स्क्रीन पर प्रत्यक्ष देख रहे होते हैं, जो असल में 'आंखों देखा झूठ' होता है। परिचित आवाजों की नकल करके एआई फोन धोखाधड़ी विदेशों में बड़ी समस्या बनती जा रही है। इसके जरिए किसी व्यक्ति की आवाज की कॉपी बनाई जाती है। हू-ब-हू कॉपी बनाने के लिए एल्गोरिदम को प्रशिक्षित करने के वास्ते डेटा की जरूरत होती है। इसके लिए इच्छित लक्ष्य की आवाज़ की बहुत सारी ऑडियो रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल किया जाता है। विशेषज्ञ बताते हैं कि 'किसी व्यक्ति की आवाज़ के जितने ज्यादा उदाहरण एल्गोरिदम में डाले जाते हैं, उसकी अंतिम कॉपी उतनी ही बेहतर होती है। लेकिन एक बार कॉपी बाहर आ जाने पर क्या होता है? सबसे बुरा क्या हो सकता है? एक डीपफेक एल्गोरिदम डेटा रखने वाला किसी भी 'व्यक्ति' से जो चाहे, कहलवाने में सक्षम होता है।' अमेरिका में तकनीकी विशेषज्ञ डीपफेक के खतरों से चिंतित हैं। हाल में वहां एक मामला बेहद चर्चा में रहा था। एक लड़की अपने दोस्तों के साथ स्कीइंग के लिए गई थी। इस दौरान उसकी मां के फोन पर कॉल आया, जिसमें उसकी बेटी के रोने की आवाज सुनाई दी। इससे वह महिला बुरी तरह घबरा गई। उसने बेटी की सुरक्षा को लेकर कुछ सवाल किए। फोन पर एक पुरुष ने उससे कहा कि 'तुम्हारी बेटी का मैंने अपहरण कर लिया है। अगर वह सही-सलामत चाहिए तो 10 लाख डॉलर भेजो।' आखिर में दोनों 5 लाख डॉलर पर सहमत हो जाते हैं। जब महिला ने स्कीइंग के लिए गए समूह से फोन पर संपर्क किया तो पता चला कि अपहरण जैसी कोई घटना नहीं हुई थी। एक साइबर अपराधी एआई का दुरुपयोग कर उससे लाखों डॉलर ऐंठने की कोशिश कर रहा था! चूंकि यह तकनीक अभी नई है, इसलिए आमजन को इसके बारे में विशेष जानकारी नहीं है। साइबर ठगों ने इसे 'सुनहरे मौके' के तौर पर लेते हुए दुरुपयोग शुरू कर दिया है। सरकारों को चाहिए कि वे इन अपराधियों पर कठोर कार्रवाई करें, साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाएं। साथ ही आमजन भी जागरूक रहें। ज़रूरी नहीं कि वीडियो कॉल पर जो दिखाई दे, वह हमेशा सच ही हो! विवेक से काम लें।

## ट्वीटर टॉक



गहलोत सरकार में जारी है जंगल राज , ओसिया जोधपुर में परिवार के 4 सदस्यों का गला रेतकर हत्या ,फिर आग लगाना ,यहाँ तक 6 महीने के मासूम को भी नही छोड़ा ।राहुल जी , प्रियंका जी राजस्थान जाकर निर्दोष मासूमों एवम महिलाओं पर दिन प्रतिदिन जुर्म को जाकर देखो ।

**–अरुण सिंह**



वैसे तो प्रतिदिन राजस्थान में ऐसी मार्मिक घटनाएं घट रही हैं कि जो भी सुनता है वो सोचता है कि इतने शांत प्रदेश में कम उम्र की बच्चियों के साथ बलात्कार, गैंगरेप और एसिड डालकर उन्हें मार देना और उस पर कोई कार्रवाई न होना, ये सब कैसे हो रहा है।

**–अर्जुनराम मेघवाल**



श्री राहुल गांधी की 3500 किलोमीटर भारत जोड़ो यात्रा से देशवासियों का एक संकल्प सामने आया और एक प्रेम, सद्भाव एवं भाईचारे का नया माहौल बना। राहुल जी ने चार मुद्दे महंगाई, बेरोजगारी, अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई एवं बढ़ती हिंसा प्रमुखता से उठाए थे।

**–अशोक गहलोत**

## प्रेरक प्रसंग

# इच्छा दास्ता से मुक्ति

एक बार एक साधु अपनी कुटिया की ओर जा रहा था। रास्ते में खजूर का बाजार पड़ा। खजूरों को देख साधु का मन खजूर खाने को करने लगा लेकिन उसके पास पैसे नहीं थे। ऐसे में उसे अपने मन को काबू में रखना पड़ा। लेकिन कुटिया पहुंच कर भी खजूर खाने का विचार मन से नहीं गया। रात भर मन विचलित रहा। सुबह उठकर सोचने लगा कि खजूर खाने हैं तो पैसे चाहिए होंगे। पैसे के लिये उसने जंगल से दिनभर लकड़ियां बटोरी, उनका गट्ठर बनाकर बेच आया और खजूर खरीदने लायक पैसा जमा कर खजूर की दुकान पर पहुंचा। सारे पैसे देकर उसने खजूर खरीद लिए। खजूर लेकर वो कुटिया की तरफ चल पड़ा। कुटिया की तरफ जाते-जाते उसके मन में विचार आया कि आज खजूर खाने की इच्छा हुई, कल किसी और चीज की इच्छा होगी। कभी नए कपड़े और कभी नया घर आदि। उसने अपने आप से सवाल किया कि साधु होकर इस तरह इच्छाओं के तले वो कब तक जिएगा? वो कब तक इच्छाओं का दास बना रहेगा? उसने अपने अंदर की आवाज सुनकर सारे खजूर बांटने का फैसला किया। इस तरह वह खुद की इच्छाओं का दास बनने से बच गया।

## सामयिक

# भाजपा का प्लान, एनडीए कितनी मजबूत होगी?

**अशोक भाटिया**
मोबाइल : 9221232130




राजनीतिक समीकरण तेज़ी से बदल रहे हैं। विपक्ष की पटना और बेंगलूरु में हुई बैठक ने भाजपा में हलचल बढ़ा दी है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि भाजपा के लिए चुनाव जीतना अब तक तो बहुत मुश्किल नज़र नहीं आ रहा लेकिन उसके लिए चैलेंज है कि कैसे वो अपनी सीटों को कम होने से रोके। जानकारों का कहना है कि अगर भाजपा की 40-50 सीटें कम हो जाती हैं तो इससे देश की तमाम संस्थाओं में ये संदेश चला जाएगा कि भाजपा को लेकर अब वो माहौल नहीं रहा जो 2014 से 2019 के चुनावों में था। भाजपा ऐसा होने के रिस्क को कम करने के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है। उधर विपक्ष के लिए ये लोकसभा चुनाव करो या मरो वाले स्थिति है क्योंकि अगर तीसरी बार भाजपा सत्ता में आई तो ये पार्टियां ख़त्म होने की कागार पर आ जाएंगी। गौरतलब है कि साल 1998 में जब एनडीए बना था तो इसमें 24 पार्टियां शामिल हुई थीं। लेकिन उस समय के एनडीए और आज के एनडीए में काफ़ी बदलाव आ चुका है। आज भाजपा के साथ शिवसेना (अविभाजित), जनता दल यूनाइटेड, अकाली दल जैसे उसके सहयोगी रहे दल साथ नहीं हैं। ऐसे में अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा एनडीए को एकबार फिर बनाने और इसका विस्तार करने में जुट चुकी है। भाजपा की हालिया कोशिश उत्तर प्रदेश में रंग लाई है जहां पूर्वांचल की राजनीति में बड़ा नाम ओम प्रकाश राजभर ने लोकसभा चुनाव से पहले एक बार फिर पाला बदल लिया है और अब फिर एनडीए में शामिल हो चुके हैं। राजभर पिछड़ों के ऐसे नेता हैं जिनका कद उत्तर प्रदेश के पूर्वी इलाके की राजनीति में काफ़ी बड़ा है। इसी इलाके में निषादों के बड़े नेता संजय निषाद तो पहले से ही एनडीए का हिस्सा हैं। चार साल पहले ओम प्रकाश राजभर की पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने एनडीए से रिश्ता तोड़ा था लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा इस पुराने सहयोगी को मनाने में कामयाब हुई है। ओमप्रकाश राजभर की एनडीए में एंट्री ना सिर्फ़ ये बताता है कि जातीय समीकरण की राजनीति में वो कितना दम रखते हैं बल्कि ये पता चलता है कि कैसे भाजपा छोटे-छोटे दलों को अपने करीब लाने में जुटी हुई है। जानकार मानते हैं कि भाजपा छोटी क्षेत्रीय पार्टियों को आने वाले चुनाव में साधने की कोशिश कर रही है। कर्नाटक में हुई हार के बाद भाजपा ये समझ चुकी है कि उसे पार्टियों के साथ की ज़रूरत है।

खासकर दक्षिण में जहां भाजपा उत्तर भारत के मुकाबले कमज़ोर है और क्षेत्रीय दल काफ़ी दक्षिण में 130 लोकसभा सीटें हैं। यहां भाजपा की मुख्य सहयोगी पार्टी एआईएडीएमके है जिसने 2019 के लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु में 39 सीटें जीती थीं। ख़बर है कि तेलंगना में भाजपा टीडीपी के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है। भाजपा ने बीते लोकसभा चुनाव में खुद के दम पर 303 सीटें जीती थीं, भाजपा का वोट शेयर 37 फ़ीसदी था। ऐसे में उसे आखिर गठबंधन की ज़रूरत क्यों है?

जानकारों का कहना है कि भले ही भाजपा आज भी इस स्थिति में नज़र आती है कि वो सरकार बना सकती है लेकिन सबसे अहम ये है कि विपक्ष जिस तरह से एकजुट हो रहा है उसे देखते हुए भाजपा एनडीए का वर्चुअल पुर्नगठन कर रही है। भाजपा कोई रिस्क नहीं लेना चाहती, उसे पता है कि नरेंद्र मोदी जितनी पॉपुलैरिटी वाला नेता देश में कोई और नहीं है लेकिन फिर भी वो तमाम छोटे दलों को दिल्ली की बैठक में बुलाया था। इनमें से कई पार्टियों के पास लोकसभा में एक-दो सीटें हैं कुछ के पास तो एक भी सीट नहीं है। भाजपा का कहना है कि विपक्ष के 26 के सामने 38 पार्टियां उसके डिनर मीटिंग में शामिल हुई हैं। पटना में बैठक के बाद भाजपा ने ये हलचल तेज़ की है। राजनीति नज़रिए का खेल है। ये संदेश देना ज्यादा अहम माना जाता है कि किसके पास कितने पार्टियों का समर्थन है। हालांकि कुछ ऐसे भी राज्य हैं जहां भाजपा ने अकेले चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। मसलन हरियाणा जहां अमित शाह ने अपनी हालिया रैली में कहा कि-सभी दस सीटें भाजपा को दें। यहां मनोहर लाल खट्टर की सरकार जननायक जनता पार्टी के साथ गठबंधन में हैं लेकिन अटकलें हैं कि लोकसभा चुनाव दोनों पार्टियां अलग-अलग लड़ सकती हैं। वहीं अटकलों का बाज़ार गरम है कि कर्नाटक में जेडीएस लोकसभा चुनाव भाजपा के साथ लड़ सकती है।

यूपी और बिहार में कई पार्टियां ऐसी हैं जिसने लोकसभा चुनाव एनडीए का हिस्सा बन कर लड़ा, लेकिन राज्य के विधानसभा चुनाव में या तो वो विपक्षी खेमे में चली गईं या चुनाव के बाद पाला बदल लिया। जेडीयू, एलजेपी इसके उदाहरण हैं। जानकारों का मानना हैं कि जो पार्टियां भाजपा से दूर गई थीं उनका कोई बहुत बड़ा विचारधारा का मतभेद नहीं था। अगर ओमप्रकाश राजभर की ही बात करें तो उन्होंने उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए ये सोचकर छोड़ा होगा कि अखिलेश यादव के चुनाव जीतने पर उनको कोई अहम पद मिल जाएगा। विधानसभा चुनावों में क्षेत्रीय पार्टियों का अलग हो जाना आम बात है क्योंकि विधानसभा में सीटें अधिक होती हैं इस सीटों पर जाति और पहचान की राजनीति करने वाली पार्टियों के लिए जीतने के मौके अधिक होते हैं। 30 साल का इतिहास देख लें तो पता चलता है कि विधानसभा चुनावों में क्षेत्रीय पार्टियों का वोट शेयर बढ़ता है और लोकसभा चुनावों में इन्हीं पार्टियों का वोटशेयर घटता है।

राजनीतिक विश्लेषक ये भी कहते हैं कि बीते दो आम चुनाव में देखा गया है कि जनता नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट देती है और उनकी लोकप्रियता में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया है ऐसे में क्षेत्रीय पार्टियां भी इस बात को समझते हुए एनडीए में जाती हैं। इस साल मई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की थी, इस बैठक में एक खास संदेश दिया गया कि क्षेत्रीय दलों के बीच भाजपा को लेकर एक धारणा बन रही है कि वह इन पार्टियों को सहयोगी दल बनाने के लिए बहुत इच्छुक नहीं है। इस धारणा को तोड़ना था। दरअसल भाजपा के संदर्भ में छोटी पार्टियों को एक डर ये है कि अगर वो अपने दम पर अधिक सीटें ले आईं तो उसे इन दलों की ज़रूरत नहीं होगी पर अतीत में सबने देखा है कि भाजपा ने अपने पुराने और घनिष्ट सहयोगियों को भी बांध कर रखने की कोशिश की।

अब भाजपा के पास छोटी पार्टियों को जोड़ने का एक बड़ा फ़ायदा ये है कि छोटे दलों को कंट्रोल करना बड़े दलों की तुलना में अधिक आसान है। बदले में इन पार्टियों को राष्ट्रीय प्लेटफ़ॉर्म मिलता है। जानकार मानते हैं कि ये गठबंधन जो हो रहे हैं या जो हुआ हैं वो विचारधारा के गठबंधन नहीं हैं वो मौके को ध्यान में रख कर किए जाते हैं। इसलिए हम देखते हैं कि रातों-रात कैसे दल पाले बदलते हैं। ये 90 का दशक नहीं है जब वैचारिक तौर पर गठबंधन किए जाते थे।

दिलचस्प बात यह है कि यह पहली बार नहीं है कि एनडीए के पुराने साथी जरूरत की घड़ी में भाजपा की मदद के लिए एक साथ आए हैं, भले ही दोनों पक्षों के बीच कोई औपचारिक गठबंधन नहीं है।नए संसद भवन का उद्घाटन एक और घटना थी जब सत्तारूढ़ भाजपा के साथ गठबंधन में या उसके मित्रवत राजनीतिक दल आधिकारिक समारोह के लिए उपस्थित थे। इनमें आधिकारिक शिव सेना, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले), एआईएडीएमके, लोक जनशक्ति पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी, असम गण परिषद और नागा पीपुल्स फ्रंट शामिल थे।पिछले जुलाई में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के चुनाव के दौरान शिअद और टीडीपी दोनों भाजपा के साथ खड़े थे।

भाजपा नेता ने पहले कहा था एक बार पहले कहा था कि अगर भाजपा को टीडीपी और वाईएसआरसीपी के बीच चयन करना है, तो अधिकांश नेता टीडीपी के साथ गठबंधन करने के इच्छुक होंगे। इसका सीधा सा कारण यह है कि हम अतीत में गठबंधन में रहे हैं और यह एक अच्छा कामकाजी रिश्ता था। पार्टी को पता है कि वाईएसआरसीपी संसद में भाजपा की मदद करती है, लेकिन वह औपचारिक रूप से एनडीए में शामिल होने या भाजपा को आंध्र प्रदेश में चुनाव लड़ने के लिए जगह देने की इच्छुक नहीं हो सकती है ।

## मुद्दा

# 2024 के चुनाव के महाजंग का एलान

**बाल मुकुन्द ओझा**
मो.- 9414441218

देश में एक साल पूर्व ही लोकसभा चुनाव के महाजंग का एलान हो गया है। यह जंग नव गठित इंडिया और एनडीए के बीच होंगी। देश में वर्तमान में 15 राज्यों में एनडीए और 11 में इंडिया गठबंधन की सरकारें है। एनडीए के पास मौजूदा लोकसभा में 350 से ज्यादा सांसद हैं जबकि विपक्षी पार्टियों में शामिल दलों के पास कुल 150 सांसद हैं। विपक्षी मोर्चे के 50 फीसदी से ज्यादा पार्टियों के लोकसभा में एक भी एमपी नहीं हैं। वहीं एनडीए में शामिल 65 फीसदी दलों के पास लोकसभा की एक भी सीट नहीं है। हिंदी पट्टी के राज्य यथा राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में कांग्रेस का भाजपा से सीधा मुकाबला होगा। यहाँ इंडिया या एनडीए के दूसरे घटकों का कोई अस्तित्व नही है। वहीं कांग्रेस को प बंगाल, केरल, यूपी, दिल्ली और पंजाब जैसे प्रदेशों में अपने ही घटक दलों की साथियों से टकराना होगा जिसका कोई सर्वमान्य हल निका लनाक बहुत मुश्किल है। देश की 64 राजनीतिक पार्टियों ने दोनों गठबंधनों में शिरकत की है। इनमें 26 पार्टियां इंडिया और 38 पार्टियों ने एनडीए के झड़े के नीचे आने का फैसला किया है। एक दर्ज़न से अधिक ऐसी पार्टिया भी है जो दोनों के साथ नहीं है। इनमें बीजू जनता दल, वाई एस आर कांग्रेस और बीआरएस जैसी पार्टिया है जो उड़ीसा, आंध्र और तेलंगाना में सत्ता में है। इन पार्टियों का असर 63 लोकसभा सीटों पर है। वहीं मायावती की बसपा, तेलगु देशम, ओवैसी की पार्टी, जनता दल सेक्युलर अकाली दल जैसी पार्टियां फिलहाल निर्गुट बनी हुई है। मोदी सरकार अपने किले को मजबूत बनाने के लिए अपने कुनबे को बढ़ा रही है। वहीं दूसरी ओर विपक्ष 26 दलों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विजय रथ को रोकने का प्लान बना रहा है। इसके साथ अब पूरी लड़ाई दो गुटों में हो चुकी है। 2024 के सियासी संग्राम के लिए कई छोटी-बड़ी पार्टियां साथ आई हैं। बेंगलूरु में हुई विपक्षी दलों की बैठक में यूपीए का नाम बदलकर खछ्ऊख- कर दिया गया है। खछ्ऊख- की फुल फॉर्म 'इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लयुसिव एलायंस' रखी गई है। यूपीए का नाम बदलने को लेकर चर्चा हो रही थी। जिसके बाद अब विपक्षी दलों की बेंगलूरु में हुई बैठक में इसे नया नाम दिया गया। इंडिया का भावनात्मक नाम देकर विपक्षी दलों ने मोदी को ललकारा है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे जातिवादी, वंशवादी और कट्टर भ्रष्टाचारी बताकर अपने मंसूबे स्पष्ट कर दिए है। यह 2024 में 26 के मुकाबले 38 की जंग होंगी। विपक्षी गठबंधन में 11 सदस्यों की एक समन्वय समिति बनाई जाएगी और महाराष्ट्र के मुंबई में होने वाली अगली बैठक में इसके सदस्यों के नामों की घोषणा की जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव प्रचार के प्रबंधन के लिए दिल्ली में एक साझा सचिवालय बनाया जाएगा। बेंगलूरु की बैठक में 26 पार्टियों के नेताओं ने भाग लिया। दूसरी तरफ दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई एनडीए गठबंधन की बैठक में कुल 41 राजनीतिक पार्टियों ने भाग लिया। दोनों गठबंधनों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने की सियासत भी शुरू कर दी है। इंडिया के नेताओं ने मोदी सरकार पर लोकतंत्र को समाप्त करने का आरोप जड़ा है तो मोदी ने इंडिया के जरिये कट्टर भ्रष्टाचारी दलों के एकजुट होने की बात कही है।

## चिंतन

# शिक्षा के मंदिर में भेदभाव की भावना

**सोनम लववंशी**
मोबाइल : 70008 54500




शिक्षा व्यक्तित्व निर्माण का आधार स्तंभ है। शिक्षण संस्थान राष्ट्र निर्माण की मजबूत कड़ी है, लेकिन जब शिक्षा के मंदिर से ही जातिगत भेदभाव की नींव पड़ने लगे, तो समझा जा सकता है कि हमारी शिक्षण पद्धति और हम किस दिशा में आगे बढ़ चले हैं। हमारे देश के संविधान की प्रस्तावना हम भारत के लोग से शुरु होती है। संविधान में धर्मनिरपेक्ष, पंथनिरपेक्ष, समाजवादी और लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने की वकालत की जाती है। जिसका सीधा सा अर्थ है कि लोकतंत्र का मूल्य संविधान में निहित है और संविधान छुआछूत और जातिगत भेदभाव का निषेध करता है। पर विडंबना देखिए आज़ादी के अमृत काल में भी देश छुआछूत के भंवरजाल में फंसा हुआ है। जातिवाद की जड़ें हमारे राष्ट्र को कमज़ोर कर रही है। देश के उच्च शिक्षा संस्थान भी जातीय भेदभाव से पीड़ित हैं।

यही वजह है कि देश की न्यायपालिका को अब इस मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त करनी पड़ रही है। बीते दिनों विश्वविद्यालयों में बढ़ती भेदभाव की घटनाओं पर टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, विश्वविद्यालय परिसरों एवम शिक्षा संस्थानों में अनुसूचित जाति-जनजाति के छात्रों के साथ भेदभाव बंद करने की दिशा में कदम उठाने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट ने इंदिरा जयसिंह द्वारा दायर एक याचिका की सुनवाई के दौरान की। साथ ही कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण रवैये पर अंकुश लगाने बाबत प्रस्ताव पारित करे। दरअसल याचिकाकर्ता के अनुसार, 2004 से लेकर अब तक उपेक्षित वर्ग के 20 से अधिक शोधार्थी एवम छात्रों ने आत्महत्या की है और यही वजह है कि अब विश्वविद्यालय और शिक्षण संस्थान की गरिमा रसातल में जा रही है।

संविधान के अनुच्छेद-14 और 15 में समता, समानता व व्यक्तित्व सम्बंधी स्वतंत्रता की बात कही गई है। इतना ही नहीं अनुच्छेद-21 सभी नागरिकों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने की स्वतंत्रता प्रदान करता है, लेकिन जब शिक्षण संस्थानों में ही समता, समानता और अधिकारों की अवहेलना होनी शुरू हो जाए। फिर सभ्य समाज और उसके नैतिक मूल्यों पर सवाल उठना स्वाभाविक है। शिक्षा, मूल्यों पर आधारित होनी चाहिए, लेकिन शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव मूल्यों, नैतिकता और संस्कारों को धूमिल कर रहे हैं। उच्च शिक्षा ही व्यक्ति में आत्मसम्मान और जागरूकता का निर्माण करती है। यही वजह है कि दलित, आदिवासी और पिछड़ी जातियों के बच्चे बड़े सपने लेकर आईआईटी, आईआईएम, आईआईएमसी और एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ाई करने का सपना सँजोते है। उन्हें लगता है कि शिक्षित हो कर वे जातिगत भेदभाव की खाई को कम कर देंगे। ये संस्थाएं उन्हें समाज में बराबरी का दर्जा दिलाएगी, लेकिन अनुभव इसके विपरीत दिखते है। कई बार तो छात्र अपनी पढ़ाई तक पूरी नहीं कर पाते है और उन्हें आत्महत्या जैसे क़दम तक उठाने को मजबूर कर दिया जाता है।

देश भले आज़ादी के 75 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, लेकिन संकीर्ण और सामंतवादी सोच विश्वविद्यालय परिसरों में भी घर कर चुकी है। वर्ष 2012 में यूजीसी इक्विटी नियम लागू किया गया था। जिसका उद्देश्य जाति उत्पीड़न को रोकना था, लेकिन यह प्रयास भी भेदभाव रोकने में नाकाफ़ी साबित हुआ। ऐसे में अब सामूहिक चेतना में बदलाव से ही शैक्षणिक संस्थान भेदभाव से मुक्त हो पाएंगे। वरना मंगल, चांद कहीं भी मानव पहुँच जाए, लेकिन संविधान, नैतिकता और मानवीय मूल्य धरे के धरे ही रह जाएंगे।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## उद्घाटन



बुधवार को हैदराबाद में सूत्रा इंडियन फैशन-प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर फोटो खिंचवाती मॉडल।

# ब्रिटेन ने महाराजा चार्ल्स तृतीय के नाम से पहला पासपोर्ट जारी किया

**लंदन/भाषा**

ब्रिटेन के शाही इतिहास में 70 साल में पहली बार ब्रिटिश पासपोर्ट ''हिज मैजेस्टी'' शीर्षक के साथ जारी किया जाएगा और महाराज चार्ल्स तृतीय के नाम से ये पासपोर्ट इसी सप्ताह से जारी किए जाएंगे। ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रावरमैन ने मंगलवार शाम को पासपोर्ट के नए डिजाइन का अनावरण किया जिसमें पिछले साल सितंबर में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की मृत्यु के बाद पासपोर्ट पर ''हर मैजेस्टी'' की जगह बदलाव किया गया था। प्रथा के अनुसार 74 वर्षीय महाराजा के पास कोई पासपोर्ट नहीं है क्योंकि यह दस्तावेज उनके नाम पर जारी होता है।

ब्रावरमैन ने कहा, ''70 साल तक ब्रिटिश पासपोर्ट पर ''हर मैजेस्टी'' लिखा जाता रहा और हममें से कई लोगों को याद नहीं होगा कि ऐसा कौन सा वक्त था जब उनका नाम नहीं लिखा गया। आज का दिन ब्रिटेन के इतिहास में उल्लेखनीय क्षण है क्योंकि 1952 के बाद से पहली बार ब्रिटिश पासपोर्ट की शुरुआत शीर्ष ''हिज मैजेस्टी'' से होगी।'' उन्होंने कहा, ''गृह मंत्रालय का पासपोर्ट कार्यालय अपने इतिहास में एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। यह अभूतपूर्व सेवा प्रदान करता है और मैं उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों और ब्रिटिश जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी टीम के अटूट समर्पण को लेकर बेहद आभारी हूं। इस संबंध में व्यापक सुधार किए गए हैं लेकिन मैं जनता से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करती हूं कि वे सही समय पर पासपोर्ट के लिए आवेदन करें।''

सबसे पहले 1414 में हेनरी पंचम के शासनकाल में ब्रिटिश पासपोर्ट का पता चला और इसे सुरक्षित आचरण के एक दस्तावेज के रूप में जाना जाता था। 1915 में पहली बार तस्वीर और हस्ताक्षर सहित पहला आधुनिक शैली का ब्रिटिश पासपोर्ट जारी किया गया था। पासपोर्ट में एक विशेष वाटरमार्क तथा सुरक्षा संबंधी अन्य संकेतों की शुरुआत 1972 में की गई। तब से पासपोर्ट के डिजाइन में कई तरह के बदलाव हुए हैं। वर्ष 1988 में पहली बार मैरून रंग का, मशीन से पढ़ने योग्य पासपोर्ट जारी किया गया।

# काला सागर अनाज पहल को जारी रखने में संरा के प्रयासों का समर्थन करता है भारत : कम्बोज

**संयुक्त राष्ट्र/भाषा**

भारत ने काला सागर अनाज पहल जारी रखने में संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों के प्रति समर्थन व्यक्त किया है और मौजूदा गतिरोध का शीघ्र समाधान होने की उम्मीद जताई है। इससे एक दिन पहले ही रूस ने घोषणा की थी कि वह युद्ध के दौरान यूक्रेनी बंदरगाह से खाद्यान्न एवं उर्वरकों के निर्यात की अनुमति देने संबंधी समझौते का क्रियान्वयन रोक रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कम्बोज ने 'यूक्रेन के अस्थायी कब्जे वाले क्षेत्रों में स्थिति' पर महासभा की वार्षिक बहस में कहा कि भारत क्षेत्र में हालिया घटनाक्रम को लेकर चिंतित है, जो शांति एवं स्थिरता के बड़े मकसद को हासिल करने में मददगार साबित नहीं हुआ है। कम्बोज ने कहा, ''भारत ने काला सागर अनाज पहल को जारी रखने में संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रयासों का समर्थन किया है और वह वर्तमान गतिरोध के शीघ्र समाधान की उम्मीद करता है।''

उन्होंने कहा, ''भारत यूक्रेन में हालात को लेकर चिंतित है। इस संघर्ष के कारण कई लोगों की जान गई है और कई लोगों, विशेषकार महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को कष्ट झेलने पड़ रहे हैं। लाखों लोग बेघर हो गए हैं और वे पड़ोसी देशों में शरण लेने को मजबूर हैं।'' कंबोज ने कहा कि यूक्रेन में संघर्ष को लेकर भारत का दृष्टिकोण जन-केंद्रित बना रहेगा।

उन्होंने कहा, ''हम यूक्रेन को मानवीय सहायता प्रदान कर रहे हैं और दक्षिण में हमारे कुछ पड़ोसियों को ऐसे समय में आर्थिक मदद दे रहे हैं, जब वे आर्थिक संकटों के बीच भोजन, ईंधन और उर्वरकों की बढ़ती लागत की समस्या से जूझ रहे है, जो इस संघर्ष का परिणाम है।'' संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने काला सागर पहल का क्रियान्वयन रोकने के रूस के फैसले पर गहरा दुख जताया और कहा कि इस पहल ने यूक्रेनी बंदरगाहों से तीन करोड़ 20 लाख टन से अधिक खाद्य वस्तुओं की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की।

गुतारेस ने कहा कि काला सागर पहल और रूसी खाद्य उत्पादों एवं उर्वरकों के निर्यात को संभव बनाने संबंधी समझौता ज्ञापन वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए एक ''जीवनरेखा'' और परेशान दुनिया के लिए आशा की किरण रहा है। कम्बोज ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यूक्रेन में युद्ध का असर पूरे 'ग्लोबल साउथ' पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, ''इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि 'ग्लोबल साउथ' की आवाज सुनी जाए और उनकी वैध चिंताओं का उचित समाधान किया जाए।''

'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। कम्बोज ने कहा कि नागरिकों और असैन्य बुनियादी ढांचे पर हमलों की खबरें बेहद चिंताजनक हैं। भारतीय राजदूत ने इस बात को रेखांकित किया कि मतभेदों और विवादों से निपटने का एकमात्र तरीका वार्ता है।

# भारत के युवाओं के डीएनए में ही उद्यमिता है: स्वदेशी जागरण मंच

**नयी दिल्ली/भाषा**

देश में रोज़गार की परिभाषा को अंग्रेजों की देन बताते हुये स्वदेशी जागरण मंच के सह-संगठक सतीश कुमार ने बुधवार को इसे बदलने की मांग की और कहा कि भारतीय युवाओं के 'डीएनए' में उद्यमिता है। एक बयान के मुताबिक आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में महिलाओं और उद्यमियों पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा, ''देश में रोज़गार मतलब नौकरी माना जाता है। यह अंग्रेजों की देन है, जो हमारे ऊपर अब भी हावी है। रोज़गार की इसी परिभाषा के कारण आईटीआई से लेकर आईआईटी में पढ़ता हुआ बच्चा भी नौकरी के चक्कर में ही रहता है।'' उन्होंने कहा, ''नौकरों का देश कभी संपन्न नहीं हो सकता है।

# भारत-अमेरिका रक्षा संबंध मजबूत, दायरा और भागीदारी बढ़ रही है : जनरल ब्राउन

**वाशिंगटन/भाषा**

भारत को अमेरिका का रणनीतिक साझेदार बताते हुए एक शीर्ष अमेरिकी जनरल ने सांसदों से कहा कि भारत-अमेरिका सैन्य संबंध मजबूत हुआ है और इसका दायरे एवं भागीदारी बढ़ रही है। जनरल चार्ल्स क्यू ब्राउन ने ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की पुष्टि के लिए सीनेट की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों के समक्ष सुनवाई के दौरान कहा, ''भारत, अमेरिका का एक रणनीतिक साझेदार है। हमारे सैन्य संबंध मजबूत हुए हैं और दायरे तथा भागीदारी बढ़ रही है। ब्राउन ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, ''यदि मेरे नाम की पुष्टि की जाती है तो मेरी रणनीति हमारे मौजूदा द्विपक्षीय सैन्य संवाद और रक्षा औद्योगिक और प्रौद्योगिकी सहयोग का विस्तार करके भारत के साथ प्रमुख रक्षा साझेदारी को मजबूत करना जारी रखने की होगी।''

अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया के सदस्यों के साथ चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद या ''क्वाड'' को अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखने, नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने, लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने, सूचना साझाकरण में सुधार और तकनीकी सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से बनाया गया है। उन्होंने कहा कि क्वाड समान विचारधारा वाले साझेदारों के बीच हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और समृद्धि के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता जुटाने के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा, ''इसके सदस्य देश तेजी से खासकर समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने के इच्छुक हैं।''




# 'थेरी' के हिंदी रीमेक में काम करेंगे वरूण धवन!

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन तमिल भाषा में बनी सुपरहिट फिल्म 'थेरी' के हिंदी रीमेक में काम करते नजर आ सकते है। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली कुमार इन दिनों अपनी फिल्म 'जवान' को लेकर चर्चा में हैं। चर्चा है कि अब एटली की फिल्म थेरी का हिंदी रीमेक बनाया जा रहा है। 'थेरी' में थालापति विजय ने पुलिस अफसर की भूमिका निभाई थी। थेरी में समांथा रुथ प्रभु और एमी जैक्सन ने भी अहम भूमिका निभायी थी। कहा जा रहा है कि थेरी के हिंदी रीमेक में वरूण धवन काम करने जा रहे हैं। इस फिल्म में वरूण के अपोजिट कीर्ति सुरेश काम करेंगी। कहा जा रहा है कि वरूण धवन की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म अगले माह से शुरू हो जाएगी। फिल्म की शूटिंग नवम्बर तक पूरी करने का शेड्यूल है और इसे मई 2024 में रिलीज करने की प्लानिंग है।

# फिल्म 'ओह माय गॉड 2' का गाना ऊंची ऊंची वादी रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म ओह माय गॉड 2 का गाना ऊंची ऊंची वादी रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार इन दिनों



अपनी सुपरहिट फिल्म 'ओह माय गॉड' के सीक्वल 'ओह माय गॉड 2' में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में अक्षय के साथ पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी मुख्य किरदार में हैं। ओह माय गॉड 2 के गाना ऊंची ऊंची वादी रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर इस गाने को शेयर किया है, जिसमें पकंज त्रिपाठी भोलेनाथ की अथाह भक्ति करते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं अक्षय के रूप में भगवान शिव भी अपने भक्तों के हर सुख-दुख में साथ रहते हैं। इस भक्तिमय गाने को हंसराज रघुवंशी ने अपनी आवाज दी है। ओह माय गॉड 2 का निर्देशन अमित राय ने किया है। इस फिल्म के निर्माता अश्विन वर्दे, वायकॉम 18 और जियो स्टूडियो हैं। फिल्म ओह माय गॉड 2 , 11 अगस्त को रिलीज होगी।



# 18 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म 'भारत भाग्य विधाता'

**मुंबई/वार्ता**

बी4यू भोजपुरी प्रस्तुत प्रदीप पांडेय चिंटू की भोजपुरी फिल्म भारत भाग्य विधाता 18 अगस्त को रिलीज होगी। बी4यू के वॉयस प्रेसीडेंट संदीप सिंह ने बताया कि भोजपुरी में अभी तक भारत भाग्य विधाता जैसी पुलिस डिपार्टमेंट की फिल्म नहीं बनी है। यह एक पुलिस के परिवार की कहानी है, जिसमें बिहार-यूपी जैसे स्टेट में कैसे ईमानदार पुलिस वाले सरवाइव करते हैं। यह फिल्म फुल एक्शन और रोमांच से भरपूर है। फिल्म भारत भाग्य विधाता के निर्देशक अनंजय रघुराज ने बताया कि फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका हैं। यह फिल्म इस साल की सबसे बड़ी फिल्म होने वाली है।

हमने इस फिल्म को व्यापक तौर पर बनाया है, और अब इसके रिलीज की भी तैयारी बड़ी है। उम्मीद है एक बार फिर से दर्शकों के ऊपर चिंटू का जादू चलने वाला है और दर्शक हमारी इस फिल्म को पसंद भी करेंगे।

हाई आईक्यू एंटरटेनमेंट एलएलपी के एसोसिएशन में बी4यूमोशन पिक्चर्स प्रस्तुत फिल्म भारत भाग्य विधाता के निर्माता संदीप सिंह, अरविन्द कुमार अग्रवाल एवं म्यूजिक सेटेलाइट हैं। उनका कहना है कि यह फिल्म देशभर में रिलीज होगी। इसके लिए हमने तैयारियां शुरू कर दी है। वहीं प्रदीप पांडेय चिंटू ने भी भोजपुरी दर्शकों से इस फिल्म को देखने की अपील की और कहा कि दर्शकों के भरोसे और प्यार के अनुरूप हम एक और मनोरंजक फिल्म के साथ तैयार हैं।

दर्शकों से आग्रह है कि वे हमारी अन्य फिल्मों की तरह इस फिल्म को प्यार और आशीर्वाद दें। इस फिल्म में आपका चिंटू एक अलग अंदाज में दिखेगा। फिल्म में हमारे साथ संचिता बनर्जी हैं। उनके हमारे बीच की लव स्टोरी भी दर्शकों को फ्रेश और आकर्षक लगने वाली है। इसलिए वे अपने परिवार के साथ जाकर इस फिल्म को देखें।

फिल्म भारत भाग्य विधाता में प्रदीप पांडेय चिंटू और संचिता बनर्जी के साथ भूपेंद्र सिंह, विनीत विशाल, उमेश सिंह, धामा वर्मा, मुन्ना सिंह, साहिल शेख़, पुष्पेंद्र सिंह संजीव मिश्रा और करिश्मा सैनी प्रमुख भूमिका हैं। फिल्म का कॉन्सेप्ट बी4यू के वॉयस प्रेसीडेंट संदीप सिंह का है।

कथा, पटकथा एवं संवाद अरविन्द तिवारी के है। संगीतकार साजन मिश्रा है। गीतकार शेखर मधुर, आशुतोष तिवारी, धरम हिंदुस्तानी, अताउल्लाह आशिक़ हैं। गायक प्रदीप पांडेय चिंटू, जतिंदर सिंह अली प्रियंका सिंह इन्दु सोनाली, रोहित कुमार, विजय चौहान शिल्पी राज हैं। संकलन संतोष हरावडे है। छायांकन प्रकाश अन्ना का है। कोरियोग्राफर सोनू प्रीतम एवं मनोज गुप्ता और आर्ट डायरेक्टर संजय कुमार है।

# कैटरीना कैफ, विजय सेतुपति की 'मैरी क्रिसमस' 15 दिसंबर को होगी रिलीज

**मुंबई/भाषा**

श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'मैरी क्रिसमस' 15 दिसंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने सोमवार को इसकी घोषणा की। टिप्स फिल्म्स और मैचबॉक्स पिक्चर्स द्वारा प्रस्तुत आगामी फिल्म हिंदी और तमिल दो अलग-अलग भाषाओं में दर्शकों के सामने होगी, जिसमें ढेर सारे सहायक अभिनेता दर्शकों का मनोरंजन करते दिखाई देंगे।

निर्माताओं ने एक बयान में कहा, 'जब खूबसूरत कैटरीना कैफ और अभिनय की खान विजय सेतुपति मिलेंगे तो प्यार के साथ-साथ थोड़ा बहुत खून भी बहेगा।' उन्होंने कहा, '' 'मैरी क्रिसमस' 15 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।' 'मैरी क्रिसमस' के हिंदी संस्करण में संजय कपूर, विनय पाठक, प्रतिमा कन्नन और टीनू आनंद सह कलाकार के रूप में दिखाई देंगे, वहीं तमिल संस्करण में राधिका सरतकुमार, शन्मुघा राजा, केविन जय बाबू और राजेश विलियम्स अपना जलवा दिखाएंगे। निर्माताओं ने कहा कि फिल्म में बाल कलाकार परी भी दिखाई देंगी, जिनकी यह पहली फिल्म है। रमेश तौरानी व जया तौरानी और संजय राउतराय व केवल गर्ग द्वारा निर्मित 'मैरी क्रिसमस' में अश्विनी कलसेकर और राधिका आप्टे भी दिखाई देंगी।

# एक्टिंग से प्यार करती है जेनेलिया देशमुख

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख का कहना है कि वह एक्टिंग से प्यार करती है। जेनेलिया देशमुख को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये डेढ़ दशक हो गये है। अपने सिने करियर में जेनेलिया ने हिंदी के अलावा, मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ सहित कई अन्य भाषाओं की फिल्मों में काम किया है।जेनेलिया इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म ट्रायल पीरियड को लेकर चर्चा में है।इस फिल्म की कहानी मॉडर्न फैमिली के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां उनके सामने कुछ चुनौतियां भी खड़ी होती हैं। जेनिलिया ने एक यंग मदर का रोल निभाया है। उनका बेटा एक नया पिता चाहता है। आखिरकार, मां बच्चे की जिद पूरी करती है और ट्रायल पीरियड पर एक भाड़े का पापा लाते हैं। वह 30 दिन की अवधि तक उस परिवार के पास रहता है। जेनेलिया ने बताया, मुझे लगता है कि मेरी यात्रा अद्भुत रही है, क्योंकि एक्टिंग वह करियर नहीं था, जिसे मैंने चुना था। बल्कि, इसने मुझे चुना था। बाद में मुझे इससे प्यार हो गया।मुझे कई लोगों के साथ काम करने का अवसर मिला, जिसके चलते मुझे महसूस हुआ कि मेरी कला में शानदार बदलाव आया है और मैं आगे बढ़ रही हूं।मैं कम ही



प्रोजेक्ट चुनना पसंद करती हूं। मैं और भी बहुत कुछ करना चाहती हूं, लेकिन यदि इंतजार करने में इतना समय लगता है तो मुझे इंतजार करने में भी खुशी होगी। अलेया सेन द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म ट्रायल पीरियड में जेनेलिया देशमुख, मानव, शक्ति कपूर, शीबा चड्डा, गजराज राव और जिदान ब्रेज जैसे कलाकार हैं। ज्योति देशपांडे द्वारा प्रोड्यूस, जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, क्रोम पिक्चर्स प्रोडक्शन, हेमंत भंडारी, अमित रविंदरनाथ शर्मा और अलेया सेन द्वारा निर्मित ट्रायल पीरियड 21 जुलाई को जियो सिनेमा पर रिलीज होगी।

# भूमि पेडनेकर जल्द शुरू करेंगी गैर लाभकारी संगठन

**मुंबई/भाषा**

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने जल्द ही एक गैर लाभकारी संगठन शुरू करने की घोषणा की है, जो उन लोगों के सशक्तिकरण की दिशा में काम करेगा जिन्होंने अपना जीवन पृथ्वी और देश की सुरक्षा के लिए समर्पित किया है। 'दम लगा के हईशा', 'शुभ मंगल सावधान' और 'बधाई हो' जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से मशहूर हुई भूमि ने अपने 34वें जन्मदिन के मौके पर यह घोषणा की। एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, 'भूमि फाउंडेशन' को आने वाले महीने में शुरू किया जाएगा। प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, 'वास्तविक बदलाव तभी हो सकता है जब हम अपने कार्यों के प्रति जवाबदेही शुरू करें और बड़े पैमाने पर समाज व मानवता के लिए सही काम करने के लिए आगे बढ़ें। मैं अपनी धरती के साथ सही काम करना चाहती हूं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर ग्रह छोड़ने का प्रयास करना चाहती हूं।' अभिनेत्री ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा, मैं अपने गैर-लाभकारी संगठन भूमि फाउंडेशन के माध्यम से ऐसा करने का संकल्प लेती हूं, जिसे अगले कुछ महीनों में शुरू किया जाएगा।' उन्होने कहा, 'मुझे बहुत खुशी होगी अगर भूमि फाउंडेशन उन लोगों को सशक्त बनाकर पर्यावरण को बचाने में प्रमुख भूमिका निभा सके, जिन्होंने पृथ्वी और हमारे देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया।' पेडनेकर ने कहा, 'जब भूमि फाउंडेशन शुरू होगा तो यह जलवायु संरक्षणवादियों और पर्यावरणविदों की मदद करेगा, जो ग्रह के लिए काम करने के एकीकृत दृष्टिकोण को साझा करते हैं।'



# नये निर्देशक के साथ काम करना पसंद करती है रानी मुखर्जी



**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी का कहना है कि उन्हें नये निर्देशकों के साथ काम करना पसंद है। रानी मुखर्जी ने बताया है कि नए निर्देशक हमेशा कुछ ना कुछ नया और बेहतर खोजते रहते हैं। नये डायरेक्टर अपनी फिल्म में सब कुछ झोंक देते हैं। उनकी फ्रेशनेस फिल्म में नज़र आती है। मैं हमेशा नए निर्देशकों के साथ काम करने को लेकर एक्साइटेड रहती हूं । क्योंकि मेरा मानना है कि वे हमेशा कुछ अधिक करने के लिए भूखे होते हैं । शायद यही वजह है कि मैंने इतने सारे नए या पहली बार डायरेक्शन करने वाले निर्देशकों के साथ काम किया है, मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं ।

रानी मुखर्जी ने कहा, करण जौहर के निर्देशन वाली पहली फिल्म कुछ कुछ होता में मैंने काम किया जो बहुत बड़ी हिट थी। मैंने शाद अली के साथ उनकी पहली फिल्म साथिया में काम किया था। यदि आप उन नए डायरेक्टर की लिस्ट देखेंगे, जिनके साथ मैंने काम किया है, तो आप पाएंगे कि इन सभी ने मेरे करियर, मेरी एक्टिंग को बखूबी आकार दिया है।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन जीतो नॉर्थ के जेबीएन टाइकूंस की बैठक का आयोजन एक होटल में किया गया। इस मौके पर सांखला विनायल के रमेश सांखला ने व्यापार के साथ सामाजिक कार्यों में लिप्तता के बारे में बोलते हुए कहा कि सच्चे मन और निःस्वार्थ भाव से किये कार्यों से व्यक्ति की छवि में निखार आता है।

# निष्कपट मनोवृति वाला व्यक्ति प्रभु प्रिय बनता है : साध्वी संस्कारनिधिश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के राजस्थान जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ जयनगर के तत्वावधान में चातुर्मास विराजित साध्वीश्री संस्कारनिधिश्रीजी ने 'मैं कपटी हूं' विषय पर प्रवचन देते हुए कहा कि कुछ लोग हंस जैसे होते हैं अर्थात बाहर से भी साफ और अंदर से साफ। कुछ लोगकोयल जैसे होते हैं बाहर से काले परंतु अंदर से साफ। कुछ लोग बगुले जैसे होते हैं बाहर से भी साफ लेकिन भीतर से काले। कुछ लोग अच्छा देखना व अच्छा दिखना चाहते हैं। हमें स्वच्छ एवं सरल मन में ही अध्यात्म एवं धर्म का प्रवेश करना चाहिए। निष्कपट मनोवृति वाला परिवार प्रिय एवं लोकप्रिय तो बनता ही है प्रभु प्रिय भी बनता है हम भी इसी दिशा में आगे बढ़े ऐसा हमारा प्रयास होना चाहिए।



# सामाजिक कार्यों में भागीदारी से छवि निखरती है : रमेश सांखला

## जीतो जेबीएन टाइकूंस की प्रेरक बैठक आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन जीतो नॉर्थ के जेबीएन टाइकूंस की बैठक का आयोजन एक होटल में किया गया। इस मौके पर सांखला विनायल के रमेश सांखला ने व्यापार के साथ सामाजिक कार्यों में लिप्तता के बारे में बोलते हुए कहा कि सच्चे मन और निःस्वार्थ भाव से किये कार्यों से व्यक्ति की छवि में निखार आता है। उन्होंने पिछले कई वर्षों से डायलिसिस रोगियों की सेवा में रत केएमवाईएफ के प्रभावशाली कार्यों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि मारवाडी छवि को निखार देने में केएमवाईएफ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, साथ ही उन्होंने संस्था के उल्लेखनीय कार्यों को नज़दीक से देखने हेतु केंद्र का दौरा करने का आमंत्रण दिया।

जेबीएन के बारे में उन्होंने कहा कि व्यावसायिक विकास एवं सहयोग का अनूठा उदाहरण यहां देखा जा सकता है।

टाइकूंस अध्यक्ष महावीर भंसाली ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि प्रत्येक बैठक में एकता, ज्ञान साझा करने और प्रत्येक सदस्य की सफलता के लिये अटूट प्रतिबद्धता की शक्ति का प्रदर्शन देखा जा सकता है। टाइकूंस सचिव विकेश जैन ने बैठक का व्यावसायिक विवरण देते हुए बताया कि बैठक में उपस्थित 54 सदस्यों के 152 आपसी रेफरलो के माध्यम से लगभग 72 लाख का व्यापार हुआ। उपाध्यक्ष दिनेश बाफना ने टाइकूंस से जुड़ने वाले 4 नये सदस्यों का स्वागत किया।

विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में जीतो नॉर्थ के उपाध्यक्ष एवं मीडिया संयोजक सिद्धार्थ बोहरा ने कहा कि पारिवारिक ज़िम्मेदारी निभाने वाली महिला आज व्यावसायिक गतिविधियों में अपनी भागीदारी से नित नये आयाम स्थापित कर रही है। बैठक के दौरान ऋषभ जैन एवं नीतेश लुणिया ने 10 मिनट की प्रस्तुति में अपने उत्पादों एवं सेवाओं की उत्कृष्ट श्रृंखला का प्रदर्शन किया। बैठक में मार्सेलस इंफ़ोटेक के तुषार तिलावत के प्रायोजन में आध्यात्मिक तीर्थ संघ यात्रा के आयोजन की घोषणा हुई। जीतो नॉर्थ सचिव व जेबीएन संयोजक प्रमोद बाफना ने बताया कि टाइकूंस की बैठकों में विकास, सहयोग एवं एकता का पुट मिलता है। बैठक में सहसंयोजक मदन मुणोत एवं अपेक्स रेफ़रल ग्रुप संयोजक मनोज कोचर भी उपस्थित थे।



# 'बाहरी आकर्षण और अनुकरण से बचे'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणीबेन्नूर। शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूतिपूजक संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने कहा कि आज समाज में बाहरी आकर्षण और अनुकरण बढ़ रहा है। पाश्चात्य कल्चर हावी हो रहा है। दिखाने की प्रवृत्ति निश्चित ही बढ़ गई है। धन खर्च करने का अहंकारी दिखावा करके समाज में अपने लोगों में गर्व महसूस कर रहे है। मानवीय दृष्टि से ये अहंकार-स्टेटस और अनुकरण हमें कंगाल करेगा ही किन्तु धर्म संस्कारों की दृष्टि से हम दुःख के गर्त में खुद जा रहे है और आने वाली पीढियों को वो रास्ता उसी गर्त में जाने के लिए तैयार कर रहे हैं।

धर्म समाज में अब ये नियम का धागा टूट रहा है और ध्यान नहीं दिया तो पूरा टूट जाएगा। माला के मणिये स्वतंत्र हो जाएंगे। ये मंगल रीति रिवाज भौतिकता के सहारे नहीं अपितु मानवता और आत्मधर्म के आधार पर ही रहने चाहिए। आज भौतिकवाद, अहंकार, अनुकरण का आक्रमण है, इस आक्रमण को किसी भी तरह से रोकना चाहिए।

# प्रभु और गुरु का साथ हमें निर्भय बनाता है : संत शीतल राजाराम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सीरवी समाज एचएसआरले आऊट आईमाता वडेर भवन में बुधवार को चातुर्मास विराजित संत शीतल राजाराम महाराज ने कहा कि मानव चाहे कितना भी शक्ति संपन्न क्यों ना हो। जीवन जीने के लिए उसे मित्र का हाथ और साथ होना भी चाहिए। प्रभु और गुरु का साथ हमें निर्भय बनाता है। गुरू हमेशा विकट परिस्थितियों में हमारा हाथ थामके हमारा हौसला बढाते है और अच्छे कार्यो के लिए प्रेरित व मंगल आशीर्वाद देते है। इस मौके पर वडेर के अध्यक्ष फाऊलाल परिहारिया ने स्वागत किया। इस अवसर पर समाज, महिला मंडल व युवा मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

## पुरस्कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



पुरस्कार : बेंगलूरु के बसवनगुड़ी स्थित बीएमएस महिला महाविद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता 2023 के समापन समारोह के मौके पर विजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत व अन्य ।



# 'जो सीधा चलता है, उसको सिद्धगति प्राप्त होती है'


बेंगलूरु। शहर के शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में एलएनपुरम स्थित समणी भवन के प्रांगण में चातुर्मासार्थ विराजित मुनिश्री राजपद्मसागरजी ने कहा कि हमें जीवन जीने के लिए सब कुछ चाहिए, पैसे चाहिए, खाना चाहिए, गाडी चाहिए, रहने के लिए खुद का घर चाहिए।

धर्मबिंदु ग्रंथ के रचयिता आचार्यश्री हरिभद्रसूरीजी म.सा कहते है कि जीवन को सुंदर ढंग से जीना हो, कीर्ति- यश की प्राप्ति करना हो तो अरिहंत परमात्मा के द्वारा बताये हुए मार्ग पर चलना और धर्म की आराधना-उपासना करनी चाहिए। संतश्री ने कहा कि धर्म की जो आराधना करता है, वो अच्छी गति को पाता है। शंत्रुजय महातीर्थ की यात्रा से पापी भी पावन बने है। सिद्धाचल यानी सीधा। जो सीधा चलता है, उसको सिद्धगति की प्राप्ति हो जाती है। और जो अरिहंत परमात्मा के बताये हुए मार्ग पर नहीं चलता वो संसार में भटकता है।

मुनिश्री श्रमणपद्मसागरजी म.सा ने कहा कि अरिहंत परमात्मा करुणा के सागर होते है उनके अंदर करुणारस का सागर है। जो अरिहंत परमात्मा होते है वो सभी जीवों को सुखी बनाने की कामना करते हैं।

# पाप की आलोचना करते समय सचेत रहना जरुरी : आचार्य अभयशेखरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के वीवी पुरम स्थित संभवनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री अभयशेखरसूरीश्वरजी म.सा. ने कहा कि हमारे अंदर रही मलिनता को आलोचना के द्वार बाहर निकालना है लेकिन इस बीच अहंकार आ गया तो वह वास्तविकता का दर्शन नहीं करने देता है। पाप की आलोचना करते समय सचेत रहना है कि अहंकार कोई माया न करवा दे। शरीर के विषय में जितना हम स्पष्ट हैं आत्मा के विषय में उतना स्पष्ट नहीं है। स्पष्टता लाईये कि प्रधानता किसको देनी है सुन्दर दिखाना है या सुन्दर बनना है? तप आदि साधना करते हो वह पुण्य बंध होता है लेकिन पाप मिटाता नहीं। पाप तो पश्चात्ताप के साथ प्रायश्चित्त लेने से और अंत;करण से मिच्छामि दुक्कड़म देने से ही मिटाता है। गीतार्थ गुरु के पास आलोचना लेने के बाद शीघ्र पूरी करने की कोशिश करनी चाहिए। आयुष्य का कोई भरोसा नहीं, परलोक में कर्ज साथ नहीं ले जाना। गुरु के समक्ष पापों की आलोचना व प्राश्यचित कर हमें कर्म को कम करना चाहिए।



# चोट खाकर टिक जाने वाला ही शंकर बन जाता है : हेमलता शास्त्री

## शिव कथा में सजी अर्धनारीश्वर की झांकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा माहेश्वरी भवन में श्रावण पुरुषोत्तम मास के अवसर पर सप्तदिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथावाचक देवी हेमलता शास्त्री ने शिव महापुराण कथा में भस्म रूद्राक्ष एवं शिव नाम का महत्व बताते हुए अर्ध नारीश्वर भगवान महेश की झांकी के दर्शन करवाए। कथावाचन हेमलताजी ने कहा कि कमल कीचड़ में खिलता है लेकिन जब कीचड़ को कोई दिक़्क़त नहीं तो हमें भी कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। मन यदि अच्छा है तो शिव आपके पास है, शिव जो अपने ही भीतर, अपने ही अन्दर है। शिव का श्रृंगार अद्भुत है। मूर्ति का पत्थर व सीढ़ी के पत्थर में अंतर बताते हुए कहा कि चोट को खाकर जो गिर गया, वो कंकर है और जो चोट खाकर टिक गया वो शंकर बन गया। मूर्तिकार पाषाण पर चोट करता है तब जाकर मूर्ति का निर्माण होता है और वह पूजनीय बन जाती है। इस संसार में चलता वही है जो ये जानता है कि मेरा साथ देना वाला परमात्मा मेंरे साथ है। कथावाचन ने भजनों के माध्यम से शिव की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि सभी झंझट से मुक्त रह कर जिसने तप किया वो ही साधक है। कथा प्रारंभ होने से पहले सुशील-राधेश्याम राठी, गायत्री-प्रकाशचंद्र मालपानी ने कथा पोथी की पूजा की । अर्पिता झंवर अर्ध नारीश्वर भगवान के रूप में वेशभूषा धारण करके आई। संचालन संचालन नम्रता मालू ने किया। धन्यवाद वन्दना काँकाणी ने दिया।

# धर्म को स्वीकार कर लेना ही आराधना है : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी मंदिर संघ मामुलपेट के तत्वावधान में राजेन्द्र भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि धर्म आराधना रोज करे ऐसे भाव होना चाहिए। तीन प्रकार से धर्म को आगे बढ़ाया जा सकता है, साधना, उपासना और आराधना। प्राय: लोग तीनों को एक मान लेते हैं, पर तीनों भिन्न है। सुनना एक साधना है, पालन करना उपासना है और जीवन में उतारना आराधना है अर्थात धर्म को स्वीकार कर लेना आराधना है। एक सामयिक का असर 24 घंटे तक चलता है। कोई भी कार्य अपने पुरुषार्थ से सिद्ध होता है अगर दृढ़ संकल्प हो तो कार्य सिद्ध होता है। संकल्प स्थिर हो तो सफलता को प्राप्त कर ही लेगा। सदा करे धर्म की रक्षा, उसी से होगी हमारी सुरक्षा, धर्म मेरा प्राण है धर्म मेरे जीवन का आधार है यह अगर चला गया तो मेरे धर्म की मंजिल खड़ी नहीं रह पाएगी। अगर जीवन में धर्म है तो कोई तनाव नहीं आएगा व कोई बाधा नहीं आएगी।

साध्वी शीतलगुणाश्रीजी ने कहा कि मिट्टी के दीपक सा है ये जीवन तेल खत्म तो खेल खत्म।मांगीलाल वेदमुथा ने बताया कि बियासणा के लाभार्थी तेजराज कुहाड परिवार था।

लाभार्थी व अतिथियों का सम्मान ट्रस्ट के शांतिलाल गादिया, चंपालाल बंदामुथा, कांतिलाल सोफाडिया, कांतिलाल गांधीमुथा, गुलाबचंद वाणीगोता, गुलाबचंद मोदी, कांतिलाल मेहता, दिनेश मांडोत, मांगीलाल खिंवेसराल तिलोकचंद भंडारी, दिलीप कांकरिया, रमेश फोलामुथा, जयंतीलाल पटियात ने किया।

# 'हमारी प्रत्येक क्रिया भावपूर्ण होनी चाहिए'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री सुलोचनाश्रीजी की निश्रा में शिष्या प्रियकल्पलताश्रीजी म. सा. ने अपने प्रवचन में कहा कि यह जीवन हम मात्र भोगों के लिए नहीं मिला है। यह मानव भव हमें हमारी आत्मा के उद्धार के लिए मिला है। यह मनुष्य भव हमें एक बार में सिर्फ सात या आठ बार ही मिलता है, वापस हमें तिर्यंच गति में जाने के बाद ही पुनः मनुष्य भव की प्राप्ति होती है। हमें इस दुर्लभ प्राप्त मनुष्य जीवन को व्यर्थ नहीं खोना है। हम जो भी क्रिया करें वह भावपूर्वक होनी चाहिए, भाव से किया गया एक वन्दन भी हमारी आत्मा को तार सकता है। भाव से किया गया प्रतिक्रमण प्रायश्चित हमारी आत्मा को बहुत हल्की और कर्म रहित होकर कल्याण को प्राप्त कर सकती है।



Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com